● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 325, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 13 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ






भगवंत ने शाह से मांगे 600 करोड़ रुपये 5

टीम इंडिया में मोहम्मद शमी की वापसी 6

## युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित बनाएगा : पीएम

### पीएम बोले - नौजवानों के साथ 'परम मित्र' वाला नाता, विश्वास सबसे मजबूत कड़ी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है, उन्हें नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था। पीएम मोदी ने कहा, स्वामी जी कहते थे कि मुझे युवा पीढ़ी पर भरोसा है, नई पीढ़ी पर भरोसा है। स्वामी जी कहते थे, मेरे कार्यकर्ता युवा पीढ़ी से आएंगे... जैसे विवेकानंद जी को आप पर भरोसा था, मुझे भी विवेकानंद जी पर भरोसा है। मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है। बकौल प्रधानमंत्री मोदी, स्वामी विवेकानंद ने भारत के युवाओं के लिए जो भी सोचा और कहा है, उस पर मुझे पूरी आस्था है।

भारत आज कितने की सेक्टर्स में अपने लक्ष्यों को तय समय से भी पहले हासिल करके दिखा रहा है। बड़े लक्ष्य रखना और उन्हें हासिल करना, ये सिर्फ किसी एक सरकारी मनशीनरी का काम नहीं है। बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राष्ट्र के हर एक नागरिक का जुटना जरूरी है। भारत के युवा की सोच का विस्तार आसमान से भी ऊंचा है।

विकसित भारत में हम क्या और कैसा भारत देखना चाहते हैं? यह भारत विकसित यानी आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा।

हमारे सामने 25 साल का स्वर्णिम अवसर है। ये अमृतकाल है और मैं पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा हूं। भारत की युवा शक्ति विकसित भारत का सपना जरूर साकार करेगी।

लगभग 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता-आधारित, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए 3,000 युवाओं से मुखातिब प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका परम मित्र वाला नाता है। उन्होंने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उन्हें हासिल करने के लिए अथक प्रयास भी करते हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के अपने विजन पर कहा, ऐसे देश में अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। पीएम मोदी ने कहा, मुझे देश के युवाओं पर बहुत विश्वास है। इसी से माय भारत के गठन की प्रेरणा मिली। उन्होंने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को इसी विश्वास का नतीजा बताया और कहा कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। जब करोड़ों युवाओं की भुजाएं विकास रथ के पहिए को आगे बढ़ा रही हैं, तब हम जरूर लक्ष्य पर पहुंचेंगे।

पीएम मोदी ने कहा, अगर हमारे हर निर्णय, कदम और नीति का मार्गदर्शन विकसित भारत का विचार करे तो दुनिया की कोई भी ताकत हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवाओं की ऊर्जा ने भारत मंडपम को जोश से भर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, समय के चक्र को देखिए। इसी भारत मंडपम में, जहां आप सब एकत्र हुए हैं, वैश्विक नेता विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज उसी स्थान पर हूं, जहां देश के युवा भारत के अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रहे हैं।

अपना संस्मरण सुनाते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुछ महीने पहले, मैं अपने निवास पर युवा एथलीटों के एक समूह से मिला, और उनमें से एक ने खड़े होकर कहा, मोदी जी, आप दुनिया के लिए भले ही प्रधानमंत्री हों, लेकिन हमारे लिए प्रधानमंत्री का मतलब परम मित्र है। मुझे आप पर बहुत भरोसा है।

## देश को विकसित राष्ट्र बनाने युवा दें हर संभव योगदान: डॉ. यादव

### सीएम ने किया स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संवाद, समर्थ समृद्धि और बढ़ेगा युवा बढ़ेगा मध्य प्रदेश है। रविवार को रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति मिशन का उद्देश्य युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन का पहिया चार समाज के बीच घूमता है। युवा, गरीब, महिला और किसान। सरकार की योजना भी इन्हीं चार के आसपास घूमती है। आज दुनिया सबसे ज्यादा युवा आबादी भारत में है। इसलिए हम खुद अपने दम पर जवाब देने के लिए तैयार भी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए संवाद, समर्थ और समद्धि तीन बिंदु हैं। आज सिर्फ डिग्री लेने से काम नहीं चलेगा। हम युवाओं को आत्मनिर्भर भी बनाएंगे। आज शिक्षा के साथ कौशल भी जरूरी है। सीएम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जब हम युवा शक्ति मिशन की बात कर रहे हैं तो यह बात सही है की असीम ऊर्जा का स्रोत हमारा युवा होता है लेकिन इन युवाओं को दिशा देने की जरूरत है। हमारा युवा नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनना चाहिए। जलियांवाला बाग हत्याकांड का पाप जिस जनरल डायर ने किया। उसे हमारा एक युवा साथी मदन लाल ढींगरा यहां से सात समुंदर पार कर इंग्लैंड पहुंचकर 14 साल की उम्र में अपनी गोली से जनरल डायर का हिसाब चुकता करके देश को गौरवान्वित किया। आज भारत अपने सारे प्रश्नों के उत्तर स्वयं की क्षमता, योग्यता से निकालने में सक्षम है। युवा देश की हम बात करें तो 1.5 करोड़ युवा अकेले मध्य प्रदेश के अंदर है इसलिए आज हम युवा शक्ति मिशन को लॉन्च करने का संकल्प लिया। हमारे युवाओं को काम मिले, उनकी इच्छाओं को अंजाम मिले, उनकी जिंदगी खुशहाल बने और वह देश और प्रदेश के काम आए।

## जयशंकर ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। दरअसल, ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करेंगे। पिछले साल नवंबर में हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को 312 इलेक्टोरल वोट्स और हैरिस को 226 इलेक्टोरल वोट्स मिले थे। चुनाव में बहुमत के लिए किसी प्रत्याशी को 270 इलेक्टोरल वोट्स की जरूरत होती है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, वाशिंगटन यात्रा के दौरान जयशंकर अमेरिका के आगामी ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगे। ट्रंप-वेंस शपथ ग्रहण समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका के भावी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ ही समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे। इससे पहले 7 जनवरी को ट्रंप की जीत की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इस दौरान अमेरिकी संसद कैपिटल हिल के संयुक्त सत्र में इलेक्टोरल कॉलेज के वोट गिने गए। यह प्रक्रिया उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की अध्यक्षता में हुई थी। कमला हैरिस सीनेट की अध्यक्ष हैं। बैठक के बाद कमला हैरिस ने एलान किया कि ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजों के लिए भी ऐसी ही घोषणा की थी। हैरिस ने बताया कि ट्रंप के साथी ओहायो सीनेटर जेडी वेंस को 312 वोट मिले।

## खाई में गिरी बस, चार की मौत की आशंका, कई घायल

**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। श्रीनगर के लिए निकली मिनी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौत की आशंका है। वहीं, कई लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। मिनी बस संख्या-(यूके 12पीबी 0177) पौड़ी बस अड्डे से केंद्रीय विद्यालय होते हुए श्रीनगर के लिए निकली थी। तहसील पौड़ी के कोठार बैंड के पास बस खाई में जा गिरी। प्राथमिक सूचना के अनुसार, बस में लगभग 18 लोग सवार थे।

## 5000 युवा नक्सलवाद छोड़ मुख्यधारा में हुए शामिल: गडकरी



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलवाद में भारी कमी आई है, क्योंकि करीब 5,000 युवा गैरकानूनी आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। यहीं नहीं उनमें से कई को रोजगार भी मिला है। अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में गढ़चिरौली महाराष्ट्र में सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला जिला बन जाएगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी की चुनावी सफलता को सार्थक सामाजिक परिवर्तन में बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले साल के राज्य विधानसभा चुनावों में मिली जीत से सुराज्य की स्थापना होनी चाहिए। नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली में आए बदलाव पर उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब जिले के कुछ इलाकों का दौरा करना जनप्रतिनिधियों के लिए भी मुश्किल था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। गडकरी ने कहा कि, आज करीब 5,000 युवा नक्सलवाद छोड़कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। कई लोगों को ड्राइवर, फिटर आदि जैसी नौकरियां मिल गई हैं। उन्होंने कहा कि जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित किए गए हैं और निर्यात के लिए परिधान निर्माण का काम शुरू हो गया है। गडकरी ने कहा कि कभी पिछड़ा हुआ यह इलाका अब 10,000 आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, अगले पांच सालों में गढ़चिरौली सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला जिला बन जाएगा।

उन्होंने बेरोजगारी, कुपोषण और शिक्षा की कमी के मुद्दों के समाधान के महत्व पर भी जोर दिया।

## स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति का परचम विश्वपटल पर लहराया : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति का परचम विश्व पटल पर लहराया है उन्होंने शिकागो धर्म सम्मेलन के तेजस्वी उद्बोधन से भारत और भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित किया है। राज्यपाल श्री पटेल भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की यूथ रेडक्रॉस शाखा के सौजन्य से द यूथ सस्टेनेबल इन्टरप्रेन्योरशिप समिट 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यूथ रेडक्रॉस शाखा के सहयोग से युवा उद्यियों के स्टॉटअप और नवाचारों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने क्राउड फंडिंग की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार आतिशी ने रविवार को अपने चुनाव लड़ने के लिए क्राउड फंडिंग की शुरुआत की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह आगे आए और उन्हें चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक मदद देने की कोशिश करें। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी जब से बनी है, तब से लेकर आज तक वह जनता की पैसे से चुनाव लड़ती आई है। पिछले चुनाव में भी उन्होंने यही काम किया था और इस बार भी वे जनता के पैसे से ही चुनाव लड़ेंगे। आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद उद्योगपतियों के लिए काम करती है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद जनता के लिए ही काम करती है। उन्होंने कहा कि यदि उन्होंने दिल्ली के बड़े-बड़े प्राइवेट स्कूलों से पैसा लिया होता तो उन्हें फीस बढ़ाने से नहीं रोक पाते।

## सीमा पर तनाव के बीच भारतीय दूत ढाका तलब

### बांग्लादेश ने द्विपक्षीय समझौते के उल्लंघन का लगाया आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को सीमा पर तनाव के चलते भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। यह घटनाक्रम बांग्लादेश की तरफ से यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है।

भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को दोपहर करीब 3 बजे बांग्लादेश विदेश मंत्रालय में प्रवेश करते देखा गया। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक करीब 45 मिनट तक चली। हालांकि अंतरिम सरकार की ओर से चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन अधिकारियों ने पुष्टि की है कि भारतीय राजदूत को तलब किया गया है।

वहीं इस बैठक के बाद बाहर आने के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रणय वर्मा ने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच सुरक्षा के लिए सीमा पर बाड़ लगाने के संबंध में सहमति है। हमारे दो सीमा रक्षक बल - बीएसएफ और बीजीबी (सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) - इस संबंध में संवाद कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इस सहमति को लागू किया जाएगा और सीमा पर अपराधों से निपटने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। इससे पहले दिन में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि भारत ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम रोक दिया है। एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान हस्ताक्षरित कुछ असमान समझौतों के कारण, बांग्लादेश-भारत सीमा पर कई मुद्दे उठे हैं। हालांकि, हमारे लोगों और बीजीबी के प्रयासों ने भारत को कांटेदार तार की बाड़ लगाने सहित कुछ गतिविधियों को रोकने के लिए मजबूर किया है।

## जाति जनगणना की तैयारी में राज्य सरकार: सीएम

### सीएम ने अगली कैबिनेट बैठक में मसौदा पेश करने के दिए संकेत

**विजयनगर।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को संकेत दिया कि जाति जनगणना को अगली कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। विजयनगर में संवाददाताओं से बातचीत में सीएम सिद्धारमैया ने कहा, हमें पिछले साल रिपोर्ट मिली थी। रिपोर्ट को कैबिनेट के समक्ष रखा जाना है। हमने इस पर 160 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। देखते हैं कि कैबिनेट में क्या चर्चा और निर्णय होता है। वहीं जाति जनगणना का विरोध करने वाले लोगों के बारे में पूछे जाने पर, सीएम सिद्धारमैया ने कहा, जाति जनगणना और आरक्षण का या तो समर्थन होगा या विरोध होगा। बता दें कि, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के. जयप्रकाश हेगड़े ने 29 फरवरी, 2024 को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी, जिसे आमतौर पर जाति जनगणना रिपोर्ट के रूप में जाना जाता है।

## आईपीएल का आगाज 23 मार्च से होगा: राजीव

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत मार्च में होगी। इसकी जानकारी रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि आईपीएल 2025 का आगाज 23 मार्च से होगा। आईपीएल के 18वें संस्करण की शुरुआत को लेकर बीसीसीआई की विशेष आम बैठक में फैसला लिया गया। लीग का पहला मुकाबला किन टीमों के बीच खेला जाएगा, इसको लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। शुक्ला ने बैठक खत्म होने के बाद कहा- मीटिंग में एक ही बड़ा मुद्दा था, वो कोषाध्यक्ष और सचिव का चयन था। इस दौरान शुक्ला ने बताया कि आईपीएल कमिश्नर की भी नियुक्ति एक साल के लिए कर दी गई है।

## जनता ने वंशवाद की राजनीति को खारिज किया: अमित शाह

**शिरडी।** सियासत की चौसर पर भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने वरिष्ठ राजनेता शरद पवार और पूर्व सीएम सह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी आड़े हाथों लिया। शाह ने कहा, असली एनसीपी और शिवसेना ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने पवार और उद्धव की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया। शिरडी में भाजपा सम्मेलन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुखातिब गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, महाराष्ट्र ने वंशवाद की राजनीति और शरद पवार और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को खारिज कर दिया है। शिरडी में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा के पक्ष में आए अभूतपूर्व जनादेश का जिक्र किया और कहा, महाराष्ट्र ने 2024 के चुनावों में शरद पवार, उद्धव ठाकरे को उनकी असली जगह दिखा दी। उन्होंने कहा, आज हम सब महाराष्ट्र में मिली भव्य विजय के बाद पहली बार एकत्रित हुए हैं। आप सब को पता नहीं है कि आपने कितना बड़ा काम किया है। बकौल अमित शाह, उद्धव ठाकरे ने हमारे साथ विश्वासघात किया था, 2019 में अपनी विचारधारा को छोड़ दिया और बालासाहेब ठाकरे के विचारों को छोड़ दिया।

## बूंदाबादी के चलते बढ़ी ठिठुरन, महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़



**प्रयागराज**

रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर करीब 12 बजे बूंदा बांदी के बाद तेज हवाएं चलने से गलन और ठिठुरन बढ़ गई। महाकुंभ मेले में आए कल्पवासियों को तेज हवा चलने और बूंदाबादी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम में बदलाव के बावजूद कल्पवासियों के आने का क्रम लगातार जारी है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित अपने निजी साधनों से लोग प्रयागराज पहुंच रहे हैं। जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

बूंदाबांदी के चलते खुले में दुकान लगाने वालों की फजीहत हुई। दो दिन अच्छी धूप खिलने के बाद रविवार को मौसम ने अचानक में अचानक बदलाव आ गया। सुबह से ही तेज हवाएं चलने लगीं। दोपहर 12 बजे के बाद बारिश शुरू हो गई। इससे कल्पवासियों के साथ ही मेले में आए श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतें हुईं। बारिश के चलते जाम की स्थिति बनी रही। लोग छाता और पॉलीथिन ओढ़कर मेला क्षेत्र में जाते नजर आए। महाकुंभ मेले के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा को लेकर प्रयागराज जंक्शन समेत शहर के सभी रेलवे स्टेशनों के पास की गई बैरिकेटिंग की वजह से यात्रियों की खासी दिक्कत हुई। प्रयागराज जंक्शन की बात करें यहां सिविल लाइंस साइड से यात्रियों को प्रवेश नहीं दिया गया। जो भी यात्री यहां पहुंचता उसे इंट्री प्वाइंट में तैनात सुरक्षाकर्मी सिटी साइड जाने को बोल देते। इस वजह से बुजुर्ग और महिला यात्रियों को खासी दिक्कत हुई। सुरक्षाकर्मियों से भी तमाम यात्रियों की दिन भर बहस होती रही।

मुंगराबादशाहपुर के रामलखन त्रिवेदी अपनी पत्नी आशा और अपने मित्र श्याम बाबू त्रिपाठी के साथ संगम स्नान के बाद सिविल लाइंस पत्थर गिरजा के पास ई रिक्शा से उतरे। वहां नगर निगम की ओर जाने वाले रास्ते पर बैरिकेटिंग होने की वजह से तीनों बारिश में भीगते हुए पैदल ही स्टेशन के लिए रवाना हुए। रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय के पास उन्हें रोक लिया गया। वहां सुरक्षाकर्मियों ने तीनों से सिटी साइड की ओर जाने के लिए कहा।

इस पर रामलखन ने कहा कि जब भीड़ ही नहीं है तो यहां रोके जाने का क्या औचित्य है, लेकिन सुरक्षा कर्मी ने कहा कि उन्हें आर्डर मिला है कि किसी को भी सिविल लाइंस साइड से जंक्शन पर प्रवेश न दिया जाए। बाद में रामलखन लोगों से रास्ता पूछते हुए वहां से पैदल ही सिटी साइड के लिए रवाना हो गए। इसी दौरान बिंदकी के आरपी पटेल भी वहां पांच लोगों के साथ पहुंचे।

# दंगल-6 प्रतियोगिता का फाइनल : थापा को पटखनी देकर दंगल के सुल्तान बने पंजाब के विक्की पहलवान

पहलवानों के बीच दूसरे दिन हुए 14 मुकाबले, शाम होते ही बेकाबू हो गई भीड़, समय रहते आयोजन और पुलिस ने संभाला, पार्किंग में हुए लोग परेशान





**सिंगरौली।** अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता सीजन -6 के दूसरे व आखिरी दिन रविवार को पहलवानों के बीच कुल 14 मुकाबले हुए। कई राज्यों के दिग्गज पहलवानों को पछाड़ते हुए पहले सेमीफाइनल में पंजाब पटियाला के विक्की व जम्मू कश्मीर के रिजवान गनी और दूसरे में राजस्थान के समशेर व नेपाल के लक्की थापा ने प्रवेश किया। दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पंजाब पटियाला के विक्की व नेपाल के लक्की थापा पहलवान के बीच हुआ। जिसमें नेपाल के पहलवान को पटखनी देकर पंजाब के विक्की पहलवान दंगल के विजेता बने। वहीं महिला पहलवानों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में गाजीपुर की सीमा को हराकर बिहार की नूतन पहलवान विजेता रही।

रविवार को दंगल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राधा सिंह के साथ सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह सहित दंगल के आयोजन नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे थे। प्रतियोगिता में व्यवस्था को संभालने में संतोष सोनी पूर्णवासी, रूपेश चतुर्वेदी सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे। कुश्ती शुरू होते ही हजारों की संख्या में भीड़ ने तालियों की गडगड़ाहट से पहलवानों का हौसला अफजाई किया। पहलवानों की कुश्ती देखने रामलीला मैदान में जिले के साथ ही पड़ोसी राज्य के भी खेल प्रेमी पहुंचे थे। रामलीला मैदान दर्शकों से भरा हुआ था। स्टेडियम में सीढियों पर बैठकर लोगों ने दंगल प्रतियोगिता का लुत्फ उठाया। कुश्ती को रोचक बनाने के लिए अयोध्या अखाड़े के लाड़ी पहलवान व प्रवीण पहलवान दिल्ली सहित आए हुए पहलवानों का दमखम देखकर दर्शको में काफी उत्साह रहा।

## शाम समय में बेकाबू हो गई थी भीड़

जैसे ही सेमीफाइनल और फाइनल का समय नजदीक पहुंचा कि भीड़ बेरिकेट्स तोडकर अखाड़े के पास पहुंचने की कोशिश करने लगे। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था में लगे आयोजक मंडल और पुलिसकर्मियों ने भीड़ को रोकने का प्रयास किया लेकिन अखाड़े पर कुश्ती को देखकर जनता पहलवानों को हौसला अफजाई कर रही थी। पुलिस ने कमान संभालते हुए भीड़ को काबू करने की व्यवस्था में जुटी थी। दिनभर भीड़ को शांत कराने व अव्यवस्था नहीं फैलने पर पुलिस ने मशक्कत किया है।

## पार्किंग में लोगों को हुई परेशानी

दंगल कुश्ती प्रतियोगिता देखने जिलेभर से लोग पहुंचे थे। मैदान के चारों तरफ वाहनों की पार्किंग से परेशानी बढ़ गई। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद स्टेडियम से निकली भीड़ कुछ पल के लिए ऐसा साबित हुआ जैसे अंतर्राष्ट्रीय मैच देखकर लोग बाहर निकल रहे हैं। दर्शकों की भीड़ ने यह बयां किया कि यहां लोगों में दंगल देखने का जज्बा कायम है। स्टेडियम के बाहर पार्क किए गए वाहनों को निकालने में लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ा।

## अखाड़े पर इन पहलवानों ने की जोर अजमाइश

मोंटी पहलवान दिल्ली हुआ बिंदू पहलवान पंजाब, टमाटर सतना कालू बिहार, अशोक सिंह सिंगरौली और मुन्ना टाइगर राजस्थान, आसिफ छिंदवाड़ा मध्य-प्रदेश और अंकित हरियाणा, बीएसएफ जवान रिजवान जम्मू कश्मीर और मुन्ना टाइगर राजस्थान, अमरेश सिंगरौली चाचर और फरहान हुसैन सिंगरौली बैढ़न, नूतन बिहार शिवानी हरियाणा लकी थापा नेपाल सोनू चंडीगढ़ चौधर वॉकर उत्तर प्रदेश और कल्लू पहलवान पंजाब बाबा लाडी अयोध्या प्रवीण दिल्ली, महिला पहलवान में कात्यानी द्विवेदी सिंगरौली और नूतन बिहार ने अखाड़े में जोर आजमाइश की।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

राष्ट्रगान जन गण मन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम का हुआ सामूहिक गायन



**सिंगरौली।** स्वामी विवेकानंद जी के जयंती युवा दिवस के अवसर राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, के गरिमामय उपस्थित प्रात: 9 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकनंद जी की छाया चित्र पर पुष्पांजली आर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सन्देश आकाशवाणी से प्रसारित किया गया। स्वामी विवेकानंद द्वारा 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का हिंदी अनुवाद भी कार्यक्रम में प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार के प्रारम्भ में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् गायन किया गया। तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ ।सूर्य नमस्कार के दौरान योगा शिक्षको के द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में ब्रम्हाकुमारी, गायत्री परिवार के द्वारा नशामुक्ति हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशामुक्ति हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत की उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, एसडीएम राजेश शुक्ला, आयुक्त नगर निगम डी.के शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, सहायक संचालक कविता त्रिपाठी, सहित विभिन्न विद्यालयों छात्र छात्राएं, योग गुरू, सहित आम जन मानस ने भी योग किया एवं आपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का सकल्प लिया।

# मायाराम महाविद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज दिनांक 12 जनवरी 2024 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार , प्राणायाम कार्यक्रम एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया । स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन एवं उनके मूल्यों को हमें अपने जीवन में भी आत्मसात करना चाहिए।महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ, महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं सामूहिक सूर्य नमस्कार में उपस्थित रहे।

# कुंदवार पुलिस ने नाबालिक बालिका को बक्सर बिहार से किया दस्तयाब



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री जिला सिंगरौली के कुशल निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा जिला सिंगरौली ,एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी राजेन्द्र पाठक एवं चौकी प्रभारी उप निरी. बालेंद्र त्यागी के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहै अभियान के तहत आज दिनाक को नाबालिक बालिका को जिला बक्सर बिहार राज्य से दस्तयाब किया गया है । जानकारी मे बताया गया कि कि फरियादी राजकुमार नामदेव निवासी ग्राम सरोंधा चौकी कुंदवार का रिपोर्ट लेख कराया कि मेरी बेटी सजन नामदेव( परिवर्तित नाम) उम्र 16 वर्ष 15 दिसम्बर 2024 को घर से कहीं चली गई है जिसकी पता तलाश किए पर कोई जानकारी नहीं मिली, फरियादी की रिपोर्ट पर चौकी कुंदवार थाना जियावन में अपराध पंजीबद्ध कर गुमशुदा बालिका की पता तलाश की गई थी, जो आज दिनांक 12/01/25 को जिला बक्सर बिहार राज्य से दस्तयाब हुई है। उपरोक्त बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी जियावान, चौकी प्रभारी कुंदवार उप.निरी बालेन्द्र त्यागी, प्रआर बंसलाल प्रजापति, तेजप्रताप, विजय, चिंटू सिंह ,लोकेन्द्र सिंह एवं आरक्षक अजय चौकी कुंदवार की सराहनीय भूमिका रही।

सरई पुलिस ने साक्ष्य मिटाने का किया है काम

# मृतक रामकमल की पत्नी ने लगाई गुहार, हो न्यायिक जांच



**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना अंतर्गत नौढिया निवासी स्व.रामकमल पाण्डेय की पत्नी ने सरई टीआई पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस ने साक्ष्य मिटाने का कार्य किया है। मेरे पति की मौत बिजली करंट से नही बल्कि उनकी हत्या की गई है। पीड़िता ने बयान देते हुए गुहार लगाई है कि सरई पुलिस से नही बल्कि इसकी अलग टीम से विधिवत न्यायिक जांच कराई जाए।

गौरतलब हो कि बीते 7 जनवरी को रामकमल पाण्डेय पिता स्व.रामप्रभा पाण्डेय उम्र 41 वर्ष निवासी नौढिया का शिवगढ़ रेत के अवैध खदान के पास शव मिला। जहां ट्रैक्टर से उनके शव को उनके घर पहुंचा दिया गया। जहां परिजनों ने थाने के सामने हंगामा किया। तब कहीं जाकर सरई पुलिस नींद से जागी और मनगढ़न्त कहानी बनाते हुए तीन लोगो को संदेह के आधार पर उठाया और उन्ही को आरोपी बनाते हुए उनके पास से तार और लोहे की कील बरामद करते हुए खुलासा कर दिया कि आरोपी पकड़ गए हैं। इन्ही के द्वारा सुअर मारने के बिजली का तार लगाया गया था। तार में फंसने के चलते रामकमल की मौत हुई है। लेकिन घटना के बाद हंगामे के समय परिजन थाने के सामने गुहार लगाते रहे कि बिजली के तार से मौत नही हुई है बल्कि रामकमल की हत्या हुई है। परिजनों ने यह भी कहा कि सरई टीआई और उनकी टीम शिवगढ़ से प्रतिदिन रेत की निकासी करवाती है। रेत की वजह से रामकमल की हत्या की गई है। लेकिन परिजनो की गुहार को सरई टीआई नजरअंदाज करते हुए और अपनी नाकामी को छिपाते हुए मनगढ़न्त कहानी बनाकर बिजली करंट से मौत होना साबित किया है।

**सबूत को पुलिस ने मिटाया**

स्व.रामकमल पाण्डेय की पत्नी सुनीता पाण्डेय ने कहा है कि सरई पुलिस से विश्वास उठ चुका है। क्योंकि सरई पुलिस मुझे नही देगी। अगर सरई पुलिस को न्याय देना होता तो घटना स्थल से मिट्टी डालकर सबूत न मिटाया जाता। मृतक की पत्नी ने यह भी कहा कि अगर करंट से मौत होती तो उनका शरीर या जहां करंट लगा होता वहां का अंग जल गया होता और कपड़े के ऊपर से करंट कैसे लगा। इस सभी साक्ष्य को सरई पुलिस ने अपने आप को बचाने के लिए करंट लगने की बात कर रही है।

# ब्रह्माकुमारी विंध्यनगर सेवा केंद्र ने निकाली युवा रैली



**सिंगरौली।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय विंध्यनगर सेवा केंद्र द्वारा आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम युवाओं को जागरूक करने के लिए युवा रैली निकाली गई चुन कुमारी स्टेडियम से आरंभ हो ब्रह्माकुमारी विंध्यनगर सेवाकेंद्र तक पहुंची जिसमें संस्थान के भाई बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस वर्ष का थीम उठो, जागो, अपने पास मौजूद शक्ति का एहसास करो। दूसरा कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, बैढन में हुआ जिसमें ब्रह्माकुमारीज बहनों को भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर बीके शोभा बहन ने कहा कि युवाओं के अंदर बहुत कुछ करने का साहस है आध्यात्मिक मार्ग उसे जागृत करने में मदद करता है उसके साथ दीदी ने ब्रह्मा कुमारीज का संक्षिप्त परिचय भी दिया ब्रह्माकुमारी इस युवा विभाग द्वारा की जा रही सभी गतिविधियों से भी सभी को अवगत कराया उसके साथ ही स्वस्थ पर विशेष प्रकाश डाला दीदी ने चार प्रकार के स्वास्थ्य के विषय में भी बताया पहला शारीरिक स्वास्थ्य, दूसरा मानसिक स्वास्थ्य, तीसरा सामाजिक स्वास्थ्य, और चौथा आध्यात्मिक स्वास्थ्य सभी स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है विशेष रूप से मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला और बताया कि हमें अच्छे, सकारात्मक, शुभभावना से भरपूर विचार ही मन में लाने हैं साथ ही साथ मेडिटेशन करने से मन स्वस्थ रहता है यह भी सभी को बताया उसको भी अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अपर्णा बहन ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर सभी को बताया कि वह एक ऐसी महान विभूति हैं जिनके द्वारा युवाओं को आध्यात्मिकता से जोड़ने का मार्गदर्शन मिलता है वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली पश्चिमी दर्शन सहित विभिन्न विषयों के ज्ञाता होने के साथ एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे भारत में ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी आध्यात्मिक जागृति लाने का विशेष कार्य उन्होंने किया विवेकानंद जी के जीवन से जुड़े अनेक अनेक दृष्टांत भी सभी के सामने रखे और युवाओं के जीवन में आध्यात्मिकता के महत्व को बताया अंत में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी सभी को कराया।

# निवास क्षेत्र में गांजा का कारोबार चरम पर

350 ग्राम गांजा पकडक़र चौकी पुलिस लूट रही वाहवाही

**सिंगरौली।** निवास क्षेत्र में इन दिनो अवैध शराब,गांजा,कबाड़ समेत रेत का कारोबार चरम सीमा पर है। कारोबारियों से अवैध वसूली के लिए चौकी प्रभारी ने बकायदे कारखासों को तैनात कर रखा है। ताकि कोई भी कारोबारी बिना चढ़ोत्तरी दिए कारोबार को अंजाम न दे सके। इधर निवास चौकी पुलिस 350 ग्राम गांजा पकडक़र खूब वाहवाही लूट रही है। सूत्र बताते हैं कि निवास चौकी क्षेत्र के महुआ गांव में एक बड़ा कबाड़ का दुकान संचालित हो रहा है। जहां कबाड़ व्यवसायी कंपनियों के कीमती पार्ट्स चोरी करवाता है और निवासी पुलिस का संरक्षण भी प्राप्त है। अभी हाल ही में विगत महीने पहले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने महुआगांव में संचालित कबाड़ दुकान पर जिले से टीम भेजकर रेड कारवाही करवाया था। जहां कंपनियों समेत अन्य महंगे कीमती पार्ट्स बरामद हुए थे और चौकी प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया था। लेकिन पुन: जुगाड़ बनाकर उप निरीक्षक प्रियंका सिंह बघेल निवास चौकी का प्रभार ग्रहण कर ली। वहीं सूत्र बताते है कि चौकी प्रभारी अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की बजाय संरक्षण देने का काम कर रही हैं। बताया जाता है कि निवास क्षेत्र में गांजा व शराब व रेत का कारोबार चरम सीमा पर है जहा एक पुलिस कर्मी प्रभात दुबे चर्चाओ मे बना हुआ है। लेकिन निवास चौकी पुलिस एक बौने व्यक्ति से 350 ग्राम गांजा जब्त कर खूब अपनी पीठ थपथपा रही है। वहीं गांजा कारोबारी का नाम उमेश जायसवाल पिता भैयालाल जायसवाल निवासी महुआगाँव बताया जा रहा है।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

लूटी गई बाइक जब्त,खुटार चौकी पुलिस ने की कार्यवाही



**सिंगरौली।** खुटार चौकी पुलिस ने चौकी क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी हुई बाइक भी जब्त की है। यह कारवाही पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में खुटार चौकी प्रभारी साहबलाल सिंह ने की है। पुलिस ने बताया कि फरियादी चाहत शाह निवासी डोंगरी ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 दिसंबर को मैं माड़ा से अपने घर बैढन् मोटरसायकल से जा रहा था । करीबन 8 बजे जैसे ही ग्राम बनौली पीपल के पेड़ के आगे पहुंचा तो आने जाने वाले गाडी के प्रकाश से देखा कि आशुतोष कुमार शाह एवं अरविन्द कुमार शाह पिता सीताराम शाह निवासी बहेरी कला अपने मोटर सायकल से पीछा करते हुये रजमिलान तरफ से आये और मेरे मोटर सायकल के आगे खड़ा करके मुझे रोक दिये तथा दोनों लोग मुझे रुकवाकर बोले कि मोटर सायकल व चाभी मुझे दे दो। मैं देने से मना किया तो दोनो लोग दो दो चाटा गाल व सिर में मारे तथा मेरे मोटर सायकल होण्डा लिवो नीले कलर की गाड़ी मुझसे जबरन लूट लिये । दोनो लोग अरविन्द शाह व आशुतोष शाह मेरी मोटर सायकिल लेकर माड़ा तरफ भाग गया। उक्त घटना को अंजाम देते हुए घटना स्थल पर आने जाने वाले लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनो आरोपियों पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया। जहां पुलिस ने विवेचना उपरांत दोनो आरोपियों आशुतोष कुमार शाह पिता सीताराम शाह उम्र 26 वर्ष, अरविन्द कुमार शाह पिता सीताराम शाह उम्र 31 वर्ष दोनो निवासी बहेरीकला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सिंगरौली की 2 लाख 3 हजार बहनो के खाते में मुख्यमंत्री ने भेजी 2 करोड़ 53 लाख की राशि

**सिंगरौली।** कालापीपल शाजापुर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री के डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति से दो दिन पहले आज प्रदेश की लाडली बहनों को 20वीं किस्त का तोहफा दिया। मुख्यमंत्री ने शाजापुर जिले के कालापीपल में आयोजित सभा के दौरान सिंगल क्लिक से प्रदेश की 1.27 करोड़ लाडली बहनों के खाते में 1553 करोड़ रुपए ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने सिंगरौली जिले के 2 लाख 3 हजार लाडली बहनो के खाते में 20 वी किस्त के रूप में 2 करोड़ 53 लाख रूपयें आंतरित की। इसके आलावा भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा समारोह के दौरान 26 लाख बहनो को खाते में एलपीजी गैश रिफलिंग के 27 करोड़ की राशि आंतरित करने के साथ सामाजिक सुरंक्षा योजना के तहत प्रदेश के 55 लाख हितग्राहियों में खाते में 135 करोड़ रूपये की राशि आंतरित की।

# मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ विश्वसनियता अन्य संगठनों कहीं ज्यादा : अमित

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिंगरौली का हुआ कार्ड वितरण



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल के प्रांतीय अध्यक्ष आदरणीय शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिंगरौली का कार्ड वितरण आज रविवार को संघ कार्यालय बिलौजी मे संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी, प्रदेश संयुक्त सचिव एपी गोस्वामी व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र धर द्विवेदी के द्वारा किया गया।

नवीन सदस्यता कार्ड वितरण के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष श्री द्विवेदी ने अपने उद्बोधन मे समय पर कार्ड भेजनें के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि पत्रकारों के हितो की चिंता करने वाला देश का इकलौता संगठन मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ है। हमारा संगठन सदस्यों के हित मे चाहे मेडिकल बीमा की बात हो, आवास हो, उनके बच्चों की शिक्षा हो,सुरक्षा हो या आवास हो अपने स्तर पर समय समय पर प्रदेश सरकार के समक्ष आवाज उठाते रहता और मांगो को पूर्ण करने पूरे प्रदेश से ज्ञापन सौंप कर पुरजोर पदबाव बनाता है। प्रदेश अध्यक्ष श्री भदौरिया हर जिले के एक - एक सदस्य की सुरक्षा के लिए चिंतित रहते है और किसी भी सदस्य द्वारा यदि उन तक अपनी समस्या की सूचना पहुंचा दी जाती है तो वह त्वरित उसके निदान के लिए संभागीय अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को निर्देशित करते हैं। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ मे कोई भी साथी केवल पत्रकार नही वल्कि एक सदस्य की तरह है। श्री द्विवेदी ने आगे कहा कि अपने संगठन की विश्वसनीयता का मुकाबला दूसरे संघठनों से कही ज्यादा है. यहाँ काम करने वाले अधिकृत पत्रकार ही मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य बन सकते हैं. कार्ड वितरण के दौरान प्रमुख रूप से महासचिव एसपी वर्मा, उपाध्यक्ष राज द्विवेदी,शिव शंकर द्विवेदी. सचिव श्रीकांत द्विबेदी, पुष्पलेश द्विवेदी, संयुक्त सचिव मनु शाह, दिलीप शाह आदि कई पत्रकार साथी पहुंचकर अपना अपना कार्ड प्राप्त किये।

# युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का हुआ आयोजन

## शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में करें शामिल : विधायक

### जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक : सांसद





सीधी

राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के मैदान में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में माँ सरस्वती एवं भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म-दिवस 卐युवा दिवस'' के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों तथा शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उ मा वि क्र 1 में आयोजित जिलास्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत सीधी श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य श्री प्रदीप शुक्ला, पार्षद श्री आंनद परियानी, श्री बाबूलाल कुशवाहा, सीईओ जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा, डीपीसी श्री राजेश तिवारी, एपीसी डॉ सुजीत मिश्रा, समाजसेवी के के तिवारी, देवेंद्र तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ समाजसेवी, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार बंधु एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो में दिए गए उद्बोधन के अंश प्रसारित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का युवाओं के प्रति संदेश का प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।

सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक है। योग और प्राणायाम न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं बल्कि नई ऊर्जा का संचार भी करते हैं। सही दिनचर्या, योग और संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का असली आधार है। श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद जी ने अपने ज्ञान, अध्यात्म और कर्मयोग के माध्यम से न केवल भारत बल्कि समस्त विश्व को जागृत किया। उन्होंने भारत की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को सदैव अग्रणी रखा।

'राष्ट्रीय युवा दिवस' के इस पावन अवसर पर, उनके आदर्शों और विराट जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति अपने समर्पण को और अधिक सशक्त करें। स्वामी विवेकानंद जी भी शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते थे। उनका कहना था कि शरीर स्वस्थ होगा तभी आप आध्यात्म की प्राप्ति कर सकते हैं। इसलिए उनकी जयंती के अवसर को युवाओं को प्रेरणा देने के उद्देश्य से सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का आयोजन किया जाता है। यह प्रतीकात्मक है। हमें योग एवं प्राणायाम को अपने दिनचर्या में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार इसलिए करते हैं जिससे कि हमें आयु बल और ऊर्जा प्राप्ति हो। सूर्य नमस्कार से बुद्धि चेतना का विकास होता है। सभी सुबह उठकर कार्य प्रारंभ करने से पहले सूर्य नमस्कार आवश्यक रूप से करें। स्वामी विवेकानंद के नाम से ही युवाओं में तरंग उत्पन्न हो जाती है। सांसद ने युवाओं से अपील की है कि वह स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए रास्ते पर चलें और विश्व के कल्याण के लिए अपना योगदान दें।

विधायक सीधी श्रीमती पाठक ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी सामूहिक सूर्य नमस्कार में एकत्रित हुए हैं। युवा शक्ति को राष्ट्र की मूलभूत चेतना और समाज निर्माण की ऊर्जा मानने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' पर उनके चरणों में शत-शत नमन। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने युवा पीढ़ी की क्षमता को जाना, समझा और ज्ञान पर ध्यान का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने युवाओं के लिये अनुशासन, शील, सकारात्मकता, कौशल क्षमता और प्रतिभा के विकास का आह्वान किया। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। यह मिशन शहरी तथा ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के कल्याण के लिये है। इसमें महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि योग जीवन में उतारना आवश्यक है जिससे तन, मन और सोच का विकास होगा। अपने दिनों की शुरुआत योग के साथ करें। उन्होंने योग महत्व को बताते हुए युवाओं को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। सशक्त, क्षमतावान और आत्मनिर्भर युवाओं का प्रदेश बनेगा मध्यप्रदेश जिसमें आप सभी का योगदान आवश्यक है।

# सूक्ष्मदर्शिनी का प्रदर्शन किया गया

**सीधी।** इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार भारतीय एक्शन की मशहूर फिल्म सूक्ष्मदर्शिनी का प्रदर्शन किया गया।

फिल्म में, नाजरिया नाज़िम फहाद प्रिया और बेसिल जोसेफ मैनुअल की भूमिका में हैं। कहानी एक गृहिणी प्रिया के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पति एंथनी और उनकी बेटी कानी के साथ रहती है। जैसे ही प्रिया नौकरी की तलाश करती है, ग्रेस बेकरस मैनुअल का नया मालिक उस पड़ोस में चला जाता है जहाँ प्रिया का परिवार रहता है। मैनुअल के इरादों पर शक करते हुए, प्रिया उसे ट्रैक करने का फैसला करती है, जिससे उसे कुछ काले सच का पता चलता है। अतुल रामचंन्द्रन और लिबिन टीबी ने मिलकर सूक्ष्मदर्शिनी की पटकथा लिखी है।

अन्त में नीरज कुंदेर सर और यूसीएन मास पब्लिक स्कूल के द्वारा बच्चो को यह संदेश दिया गया कि आप सभी अपने पिता के साथ इस मूवी को फिर से एक बार जरूर देखे एवं सही कार्य हमेशा सफल बनता है। बच्चो ने जोर - जोर के ठहाको के साथ पिक्चर खत्म होने पर तालिया बाजाई।

# युग तुलसी श्रीराम किंकर अलंकरण से पं. भागवत प्रसाद पाठक हुए सम्मानित



**सीधी।** सीधी जिले के सुविख्यात मानस मर्मज्ञ युग तुलसी पद्मभूषण महाराज श्रीराम किंकर जी के कृपा पात्र शिष्य पं. भागवत प्रसाद पाठक को श्रीराम कथा वाचन एवम लेखन के लिए रामायणम संस्थान जबलपुर द्वारा दिनांक 3 जनवरी 2025 को युग तुलसी महाराज श्रीराम किंकर जी के पट्ट शिष्य कथाऋषि पं. उमाशंकर शर्मा व्यास जी के पावन सानिध्य में पं. राम किंकर उपाध्याय अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा. अखिलेश गुमास्ता सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में डा जितेन्द्र जामदार डा रोहित दुबे ज्योतिष तीर्थ संयोजक, डा हरिशंकर दुबे, डा सौरभ दुबे, सीधी से कथा व्यास आचार्य राजेन्द्र मिश्र, पं ब्रजेश पाठक रामायणी रुचि मोहन अग्रवाल संस्कार धानी जबलपुर के अनेकानेक गणमान्य शिक्षा विद तथा सुधी जनों से सभागार भरा रहा।यह आयोजन जबलपुर के दमोहनाका महेशभवन में गरिमा पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में युवा दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास एवं शासकीय माध्यमिक शाला मड़वास के संयुक्त तत्वावधान में युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति की उपस्थिति में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ रामधारी जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। सूर्य नमस्कार के बाद योग दिवस के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

युवा दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति के द्वारा युवा दिवस और योग के बारे में बताया गया। डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के बारे बताया। शिक्षक श्री धीरज नामदेव के योग के सम्बंध में अपनी बात रखी।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ कमलेश जायसवाल डॉ ज्योति रजक माध्यमिक शिक्षक श्री पराग दास साकेत श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के स्टाफ एवं महाविद्यालय तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में

# राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न

## स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का कार्य किया : डॉ गीता भारती



सीधी

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा मध्य प्रदेश गान से की गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करते हैं एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित कर समूचे विश्व में देश का मान बढ़ाया है। उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

इसके बाद महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में सन 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में हिंदू धर्म एवं भारतीय आध्यात्मिकता पर स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए भाषण एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रिकॉर्डिंग संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में प्रो बी एल सिंह अयाम,प्रो सुनील सिंह, डॉ पूजा कश्यप, डॉ गंगादेवी बैरागी, डॉ भावना नागेंद्र, डॉ सुरेश तिवारी, डॉ विपेंद्र द्विवेदी, मनीष कुमार सोनी एवं बहुत अधिक संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ संदीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्री सांई महाविद्यालय मे मनाया गया युवा दिवस

**सीधी।** श्री सांई महाविद्यालय सीधी मे स्वामी विवेकान्द जी के जन्म दिवस पर युवा दिवस के उपलक्ष्य मे 12 जनवरी को प्रात: 9:00 बजे से 10:30 तक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

युवा उत्सव के उपलक्ष्य मे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का मार्गदर्शन स्वयं महाविद्यालय की संचालिका श्रीमती रचना मिश्रा ने दिया। तत्पश्चात पूर्वान्ह 11:30 बजे से स्वामी विवेकानन्द युवाओं के लिए ''शाष्वत प्रेरणा'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता, स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर चित्र प्रदर्षनी का आयोजन महाविद्यालय के प्रागंण में आयोजित किया गया।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की

## सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 25 करोड़ 89 लाख से अधिक की राशि डाली गई

### प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण से समृद्धि की ओर अग्रसर हो रही : सांसद

### लाडली बहना योजना बहनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में क्रान्तिकारिक योजना है: विधायक



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के शाजापुर के कालापीपल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1553 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 55 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 335 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। 26 लाख बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग के 27 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 11 हजार 19 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 25 करोड़ 89 लाख 67 हजार 750 रूपये की राशि अंतरित की गई। स्थानीय मानस भवन में सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण से समृद्धि की ओर अग्रसर हो रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य है। आज देश के दूसरे राज्य भी लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना का अनुकरण कर रहे हैं। लाडली बहना योजना से बहनों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। आज बहनें आत्मनिर्भर हैं और परिवार की बेहतरी में अपना योगदान कर रही। बहनें परिवार में गृहकार्य के माध्यम से जो योगदान करती हैं वह पुरुषों के द्वारा किए जा रहे आर्थिक योगदान से भी बढ़कर है। लाडली बहना योजना से बहने अब परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रही हैं। सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए संचालित सभी योजनाएं लगातार जारी रहेगी। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा।

विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रदेश की लाडली बहना योजना बहनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में क्रान्तिकारिक योजना है जिसका अनुकरण देश के अन्य राज्य भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी हर महीने निर्धारित तिथि को राशि का अंतरण कर हमें उत्सव और खुशियां मनाने का अवसर देते हैं। यह योजना नारी शक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लोगों के कल्याण के लिए आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जैसी योजनाएं सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होंने उपस्थित नारी शक्ति से आह्वान किया कि अपनी क्षमताओं और गुणों को पहचाने तथा अपनी उन्नति के साथ प्रदेश की उन्नति में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। विकास के लिए पैसों की कमी नहीं है मुख्यमंत्री जी के द्वारा विकास के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह ने जिले वासियों को मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं दी और इस अवसर पर बहनों को लाडली बहना योजना की किस्त का अंतरण करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। पार्षद आनंद परियानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के बेहतरी के लिए कार्य कर रही है जिससे बहनें आश्रित नहीं आत्मनिर्भर बने। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 11 हजार 19 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 536 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 395, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 405, जनपद पंचायत सीधी में 54 हजार 899 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 51 हजार 849 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 220, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 447, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 108 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 160 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 6 हजार 651 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 39 लाख 920 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7186, मझौली के 13514, रामपुर नैकिन के 22469, सीधी के 28467 एवं सिहावल के 28966 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2524, मझौली के 1171, चुरहट के 1267 एवं रामपुर नैकिन के 1087 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 55618, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12123, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तजन योजना के 2281, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 7077, मंदबुद्धि/बहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1656, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9091, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 291, सामाजिक सुरक्षा पेंशन नि:शक्त पेंशन योजना के 7375, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 23516, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 15144 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 14 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर पार्षद पूनम सोनी, शुभादेवी कोल, बाबूलाल कुशवाहा एवं जमुना कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी, केके तिवारी, देवेंद्र त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं लाडली बहना उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### काम के घंटों से ज्यादा अहम है क्वॉलिटी

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए। देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है।

दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे? जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं। बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है।

**देश की राजनीति के मैदान में राहुल गांधी को लगातार गलतियां करने वाले नेता के तौर पर जाना जाता है। कई बार तो राहुल गांधी जीता हुआ चुनाव भी हार जाते हैं। आरोप तो यहां तक लगाया जाता है कि राहुल गांधी के इर्द-गिर्द जो नेता रहते हैं, वे चाहते ही नहीं है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव जीते। इसलिए कांग्रेस के नेता लगातार राहुल गांधी को अजब-गजब फैसले लेने के लिए उत्साहित और प्रेरित करते रहते हैं। राहुल गांधी कई बार चुनावी मैदान में सेल्फ गोल करते दिखाई देते हैं तो कई बार गलत ट्रैक पर जाकर रास्ता ही भटक जाते हैं। दिल्ली विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में भी एक बार फिर से राहुल गांधी गलत ट्रैक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।**

# दिल्ली में गलत ट्रैक पर जा रही है कांग्रेस, फिर से फंस गए हैं राहुल गांधी

(संतोष पाठक )

राहुल गांधी कई बार चुनावी मैदान में सेल्फ गोल करते दिखाई देते हैं तो कई बार गलत ट्रैक पर जाकर रास्ता ही भटक जाते हैं। दिल्ली विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में भी एक बार फिर से राहुल गांधी गलत ट्रैक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

देश की राजनीति के मैदान में राहुल गांधी को लगातार गलतियां करने वाले नेता के तौर पर जाना जाता है। कई बार तो राहुल गांधी जीता हुआ चुनाव भी हार जाते हैं। आरोप तो यहां तक लगाया जाता है कि राहुल गांधी के इर्द-गिर्द जो नेता रहते हैं, वे चाहते ही नहीं है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव जीते। इसलिए कांग्रेस के नेता लगातार राहुल गांधी को अजब-गजब फैसले लेने के लिए उत्साहित और प्रेरित करते रहते हैं।

राहुल गांधी कई बार चुनावी मैदान में सेल्फ गोल करते दिखाई देते हैं तो कई बार गलत ट्रैक पर जाकर रास्ता ही भटक जाते हैं। दिल्ली विधानसभा जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में भी एक बार फिर से राहुल गांधी गलत ट्रैक पर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह बात बिल्कुल सौ फीसदी सही है कि कांग्रेस के वोट बैंक को छीनकर ही आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपराजेय पार्टी के तौर पर स्थापित हुई है लेकिन उतना ही बड़ा सच यह भी है कि कांग्रेस पार्टी अपना वह पुराना वोट बैंक आप से पूरी तरह से छीनने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में बेहतर तो यह होता कि कांग्रेस अपने पुराने वोट बैंक को पाने के लिए फेज वाइज रणनीति बनाकर, उसे अमल में लाती लेकिन इसकी बजाय कांग्रेस रणनीतिक तौर पर एक बहुत बड़ी गलती करते हुए दिखाई दे रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी खोई जमीन पाने के लिए कांग्रेस ख्हस्र फॉर्मूला अपनाने जा रही है। यानी कांग्रेस दिल्ली में अल्पसंख्यक अर्थात मुस्लिम बहुल सीटों के साथ ही उन विधानसभा सीटों पर फोकस करेगी ,जहां-जहां ओबीसी और दलित



मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। हकीकत में कांग्रेस यहीं सबसे बड़ी गलती करने जा रही है। राहुल गांधी के करीबियों ने उन्हें यह सलाह देकर,एक बार फिर से उनके नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी को गलत ट्रैक पर डाल दिया है। मंडल-कमंडल की राजनीति के दौर के बाद ओबीसी यानी अन्य पिछड़े वर्ग के मतदाता पूरी तरह से कांग्रेस से विमुख हो चुके हैं और इनकी वापसी की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कांग्रेस के इस फॉर्मूले का असफल होना तय माना जा रहा है।

दरअसल, राहुल गांधी को कांग्रेस को फिर से मजबूत करने के लिए एमओएस की बजाय बीडीएम के फॉर्मूले को अपनाना चाहिए जिसके बल पर जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी और मनमोहन सिंह तक देश पर राज कर चुके हैं।

बीडीएम फॉर्मूले का मतलब है - ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम समुदाय। इसी समीकरण के बल पर कांग्रेस ने लंबे समय तक देश पर राज किया है। लोकसभा चुनाव के समय से ही मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग ने कांग्रेस की तरफ लौटना शुरू कर दिया है। दिल्ली में भी इस बार के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं का वोट बड़े पैमाने पर कांग्रेस को मिलने की संभावना है और अगर कांग्रेस भाजपा को हराती हुई नजर आई तो पूरा मुस्लिम समाज कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देते हुए नजर आएगा। लेकिन इसके लिए कांग्रेस को बीडीएम फॉर्मूले के - ब्राह्मण और दलित को भी अपने साथ जोड़ना होगा। दिल्ली का दलित आज की तारीख में अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा है और उन्हें अपने पाले में लाने के लिए राहुल गांधी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मान-सम्मान की लड़ाई को और ज्यादा तेज करना पड़ेगा। ब्राह्मण मतदाताओं की बात करें तो दिल्ली में यह समाज आज की तारीख में भाजपा, आप और कांग्रेस - तीनों ही पार्टियों में बंटा हुआ है। राहुल गांधी अगर थोड़ी सी कोशिश भी करेंगे तो अन्य राजनीतिक दलों के ओबीसी राग से नाराज ब्राह्मण समाज पूरी तरह से कांग्रेस के पाले में खड़ा नजर आएगा।

बताया जा रहा है कि राहुल गांधी 13 जनवरी को दिल्ली के चुनावी मैदान में उतर कर पहली जनसभा कर सकते हैं। राहुल गांधी को जोर-शोर से दिल्ली में चुनावी जनसभाएं, रोड शो और रैलियां करनी ही चाहिए। लेकिन उन्हें कांग्रेस के पूरे चुनाव प्रचार अभियान को बीडीएम केंद्रित ही बनाना चाहिए और इसे जमीनी धरातल पर उतर कर क्रियान्वित भी करना चाहिए। गौर करने वाली बात यह है कि ब्राह्मण मतदाताओं का बड़े पैमाने पर साथ आना अन्य अगड़ी जातियों को भी कांग्रेस उम्मीदवारों को वोट देने के लिए प्रेरित कर सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

# किसानों की पुकार अनसुनी, आंदोलन के बीच जीवन-मौत का संघर्ष क्यों?

**सवाल है कि आखिर किन वजहों से वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानूनी गारंटी पर स्थिति स्पष्ट नहीं करना चाहती है और उसका यह रुख किसके हित में है। गौरतलब है कि एक ओर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले पैंतालीस दिनों से अनशन पर हैं और उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है, दूसरी ओर, इसी मसले पर सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने की वजह से बीते तीन हफ्ते के भीतर दो किसानों ने आत्महत्या कर ली।**

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि किसानों का आंदोलन लंबे समय से जारी है, उसके मुद्दे स्पष्ट हैं, लेकिन सरकार कोई भी ऐसा ठोस कदम उठाने के प्रति उदासीन दिख रही है, जो एक समाधान की राह तक पहुंचे। क्या यह साफतौर पर सरकार के भीतर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव को प्रदर्शित नहीं करता कि वह किसानों की मांग को लेकर इस हद तक अगंभीर दिख रही है कि आंदोलन के एक नेता की सेहत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है, उनके जीवन पर खतरा बढ़ता जा रहा है और वह हल के लिए सहमति बनाने के बजाय समस्या की अनदेखी करने में लगी है।

सवाल है कि आखिर किन वजहों से वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानूनी गारंटी पर स्थिति स्पष्ट नहीं करना चाहती है और उसका यह रुख किसके हित में है। गौरतलब है कि एक ओर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले पैंतालीस दिनों से अनशन पर हैं और उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है, दूसरी ओर, इसी मसले पर सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने की वजह से बीते तीन हफ्ते के भीतर दो किसानों ने आत्महत्या कर ली।

यह समझना मुश्किल है कि एक लोकतांत्रिक सरकार इस हद तक उदासीन कैसे हो सकती है कि अपनी समस्याओं की अनदेखी किए जाने की वजह से किसानों के जान देने की खबरें आ रही है, वहीं उनके नेता का जीवन भी जोखिम में है। अगर किसानों के संगठित आंदोलन के सामने ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात पैदा हो रहे हैं, तो बाकी



मसलों के संदर्भ में अंदाजा लगाया जा सकता है। डल्लेवाल के अनशन और उनकी सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जाहिर कर चुका है।

मगर इसके बावजूद सरकार कोई ऐसी राह तलाशने को लेकर उत्सुक नहीं दिख रही है, जिससे किसान आंदोलन की मांगों पर सभी पक्षों के बीच कोई सहमति कायम हो सके और डल्लेवाल अपना अनशन फिलहाल खत्म करें। अगर सरकार फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किए जाने के मसले पर ईमानदार है तो वह इस संबंध में कानूनी गारंटी का प्रावधान करने से क्यों हिचक रही है? जबकि खुद एक संसदीय समिति भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी देने की वकालत कर चुकी है।

मौजूदा दौर में खेती-किसानी के सामने बढ़ती चुनौतियां किसी से छिपी नहीं है। बाजार के बदलते ढांचे के बीच किसानों की बढ़ती समस्याओं को दूर करने के मकसद से नीतिगत पहल करना सरकार को जरूरी नहीं लगता। उल्टे जिस तरह की व्यवस्था से किसान अपनी असहमति जताते हैं, भविष्य में उसके घातक परिणाम बताते हैं, सरकार को उस ओर कदम बढ़ाने में कोई हिचक नहीं होती।

पिछली बार किसानों के कई महीने चले आंदोलन के बाद सरकार को विवश होकर विवादित तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी थी। तब यह उम्मीद की गई थी कि अब सरकार किसानों के साथ मिल-बैठ कर इस समस्या पर सहमति के बिंदुओं की तलाश करेगी और कोई ठोस हल उभर कर सामने आएगा। मगर यह अफसोस की बात है कि किसानों को अब भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी के लिए लड़ाई लड़नी पड़ रही है और सरकार ने लगातार टालमटोल का रवैया अख्तियार किया हुआ है। सरकार और किसानों के बीच चल रही यह खींचतान की स्थिति अब एक नाजुक मोड़ पर पहुंच चुकी है। सरकार को चाहिए कि वह समय रहते इस समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस पहल करे।

## वर्ग पहेली 5611

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | 10 | ■ | ■ |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | | 14 |
| 15 | | ■ | 16 | | | ■ | |
| 17 | | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| | ■ | 20 | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ |

संकेतः बाएं से दाएं

1. 25 अगस्त 1957 को इस देश की सरकार ने देश में घोषित आपातकाल के 30 वर्ष बाद वापस लिया (3)
4. दोनों हाथों से तीर चला लेने के कारण अर्जुन को एक नाम (4)
7. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद की सप्रसिद्ध कृति (3)
8. ह्रदय, चित्त, चालीस सेर के बराबर की एक तौल (2)
9. प्रसन्न होना, रोमांचित होना (4)
11. उर्दू या फारसी में गजलें लिखने, बोलने वाला (3)
13. सिपाही, सैनिक (3)
15. दो की संख्या, निग्रह (2)
16. सीखने में प्रवृत्त करना, प्रशिक्षित करना (3)
17. सर्दी-जुकाम (उर्दू)(3)
19. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ आरंभिक नाम)(2)
20. आकाश से गिरने वाला बिजली (2)
21. जो वास्तविकता से परे हो (3)
22. पवित्र, मंगलकारक, शुभ (2)
23. किसी धार्मिक विषय में धर्मशास्त्र वेत्ता का लिखित आदेश (उर्दू)(3)

ऊपर से नीचे

1. किसीशुभ कार्य के आरंभ में किया गया श्रीगणेश को नमन (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. उत्तरप्रदेश का गंगा तट पर बसा यह नगर चर्मोद्योग के कारण भी प्रसिद्ध है (4)
4. दंड देना, शिक्षा या नसीहत देना (6)
5. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
6. यह विश्व का प्रथम देश है जिसमें मुद्रा का प्रचलन किया (2)
10. मापना (3)
12. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
14. आम दरफ्त, आने-जाने का साधन (4)
18. सलोनापन, स्वभाव की उत्तमता, नमकपन (3)
19. सुपर स्टार सलमान खान क्की पैतृक भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
21. दुर्दशा, दुर्गति (2)

### वर्ग पहेली 5610 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ज | गु | रू | ■ | भू | त | ल |
| म | ■ | बा | त | ची | त | ■ | ति |
| च | तु | र | ■ | फ | ■ | ना | का |
| रि | ■ | ■ | ला | भि | या | ना | ■ |
| त | ला | शी | ■ | नि | ■ | ना | ती |
| मा | त | ■ | ड | स्ट | र | ■ | रे |
| न | ■ | प्र | का | र | ■ | मा | दा |
| स | ख्ती | ■ | र | ■ | स | ह | ज |

# कोरोना से इसकी तुलना उचित नहीं

(स्वाति)

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से डरने नहीं, बल्कि सावधान रहने की जरूरत है। यह कोई नया वायरस नहीं है। नीदरलैंड में 2001 में ही इसका पता लग गया था, जिसके बाद इस पर वैज्ञानिकों ने शोध भी शुरू कर दिया। समशीतोष्ण जलवायु वाले देशों में इसके मामले आते ही रहे हैं। भारत में ही यह कहा जाता है कि अलग-अलग इलाकों में मौसम के अनुसार एक से 19 फीसदी तक इसके मामले आते रहे हैं। ऐसे में यह कहना कि चीन से कोरोना जैसे एक और वायरस का प्रसार हुआ है, पूरी तरह गलत होगा। वास्तव में, यह सामान्य न्यूमोनिया जैसी बीमारी है। इसमें सर्दी-जुकाम जैसी समस्या होती है और सांस की नली प्रभावित होती है। विशेषकर छोटे बच्चे और उम्रदराज लोगों को यह वायरस ज्यादा प्रभावित करता है। सांस की पुरानी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी इससे परेशानी हो सकती है। शेष सभी आयु-वर्ग के लोगों को यह वायरस मामूली रूप से परेशान कर सकता है। यही कारण है कि इसमें अस्पताल में भर्ती होने का आंकड़ा कम है। चीन में ही लोग अपने बच्चों को डॉक्टरों के पास जरूर ले जा रहे हैं, लेकिन स्थिति गंभीर नहीं है और इलाज के बाद मरीज ठीक हो रहे हैं। इसके उलट, कोरोना में मृत्यु के मामले देखे जा रहे थे और टीका के न होने का नुकसान भी लोगों को हुआ था।बहरहाल, कुछ सावधानी बरतकर हम इस वायरस से बच सकते हैं। जैसे, साफ-सफाई की आदतों को अपनी जीवनशैली में उतारकर। हमें साबुन और पानी से बार-बार अपने हाथ धोने चाहिए। सर्दी-जुकाम होने पर घर पर ही रहना चाहिए और भीड़-भाड़ में जाने से बचना चाहिए। छींक आने पर नंगे हाथों से मुंह ढकने के बजाय रूमाल का इस्तेमाल करना चाहिए अथवा अपने बांह को मुंह पर ले जाना चाहिए। खान-पान संयमित रखना चाहिए। इसके अलावा कुछ प्रयास सरकारों की तरफ से होने चाहिए, जैसे कि जिन राज्यों में इसके मरीज मिल रहे हों, वहां विशेष निगरानी व्यवस्था अपनाई जाए। जांच-पड़ताल में तेजी लाई जाए, क्योंकि पूर्व में इस वायरस के प्रति उतनी संजीदगी नहीं दिखाई गई है और जांच की सुविधा होने के बावजूद संक्रमितों का आरटीपीसीआर टेस्ट नहीं किया गया। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए। मरीजों का खास ख्याल रखकर और स्वास्थ्य तंत्र द्वारा निगरानी बढ़ाकर हम इस वायरस के प्रसार को काफी हद तक थाम सकते हैं। उम्मीद यही है कि इसके लिए जिस दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है, वह हमारे तंत्र दिखाएंगे।



## आज का राशिफल

**मेष**

आज ग्रहों की दशा शुभ नहीं है और आपको कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। संतान के करियर को लेकर आपको किसी प्रकार की चिंता हो सकती है। शाम के समय रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं और रात का समय आनंद में बीतेगा।

**वृष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके लिए राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों से आपको लाभ होगा और आपके पद प्रतिष्?ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन**

आज सम्?मान का दिन है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम में कोई रुका कार्य पूरा होगा।

**कर्क**

आज उत्तम संपत्ति के योग बन रहे हैं और आपके लिए आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति बेहतर होगी।

**सिंह**

आज भाग्?य में वृद्धि का दिन है और आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। नेत्र विकार होने की संभावना है। शत्रु आपस में लड़कर नष्ट हो जाएंगे और आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी।

**कन्या**

आज लाभ होगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयास में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

**तुला**

आज करियर में सफलता का दिन है। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके लिए दिन आनंद से भरा होगा। करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। आपका दिन लाभ से भरा होगा। आपके आनंद में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आनंद में वृद्धि होगी।

**धनु**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। ऑफिस में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे और आपके सम्?मान में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपके सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**मकर**

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा और सफलता प्राप्?त होगी। आर्थिक मामलों में लाभ और सफलता प्राप्?त होगी। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें।

**कुंभ**

आज लाभ और सुख समृद्धि प्राप्?त होगी। आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी। किसी कारण से विवाद बढ़ सकता है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा हो सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सावधान रहें और झगड़े से बचें।

**मीन**

आज लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होगी। कई दिन से चली आ रही समस्?याएं दूर होंगी। रिश्?तेदारों से पैसों का लेन-देन न करें। परिवार में आपसी संबंधों में लाभ होगा। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी करा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवंत मान ने अमित शाह से मांगे 600 करोड़ रुपये, बताया किस काम में होगा खर्च



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 600 करोड़ रुपये मांगे हैं। नशीले पदार्थों के मामलों के तेजी से निस्तारण के लिए विशेष एनडीपीएस अदालतें स्थापित करने के वास्ते यह एकमुश्त वित्तीय सहायता मांगी गई। मान ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या सामाजिक-आर्थिक संतुलन को बिगाड़ रही है, जिससे अपराध, घरेलू हिंसा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन को एक वीडियो लिंक के माध्यम से सीएम ने संबोधित किया। उन्होंने केंद्र से पंजाब को विशेष एनडीपीएस अदालतों के गठन और सरकारी अभियोजकों की भर्ती के लिए 10 साल के लिए वित्तीय सहायता (प्रति वर्ष 60 करोड़ रुपये) देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि 1 जनवरी 2025 तक मादक पदार्थ से जुड़े 35,000 मामले सुनवाई के लिए लंबित थे। उन्होंने कहा कि निस्तारण की वर्तमान दर पर, औसतन एक सत्र अदालत को मुकदमा पूरा करने में सात साल लगते हैं। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों में औसत निस्तारण अवधि सात वर्ष (35,000 लंबित मामले) से बढ़कर 11 वर्ष (55,000 लंबित मामले) हो जाएगी। मान ने कहा, 'अगले पांच वर्षों में लंबित मामलों को निस्तारण के लिए राज्य को 79 नई विशेष एनडीपीएस अदालतें स्थापित करने और इन विशेष अदालतों के लिए सहायक कर्मचारियों के साथ 79 सरकारी अभियोजकों की नियुक्ति करने की आवश्यकता है, जिसके लिए यह वित्तीय सहायता मांगी गई है।

### उद्धव ठाकरे को गलती का अहसास हो गया, नहीं चलेगा कांग्रेस से गठबंधन; बावनकुले का बड़ा दावा



**मुंबई एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि शिवसेना ने आगामी नगर निकाय चुनाव अकेले लड़ने का फैसला इसलिए किया है कि पार्टी को यह अहसास हो गया है कि 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाता तोड़कर कांग्रेस के साथ गठबंधन करना एक बड़ी भूल थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच, इसके प्रमुख घटक दल शिवसेना (उबाठा) ने दिन में घोषणा की कि वह स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। शिवसेना नेता संजय राउत ने अकेले चुनाव लड़ने के फैसले के लिए गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं के लिए अवसरों की कमी और संगठनात्मक विकास के अधिकार को कारण बताया। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष बावनकुले ने कहा, 'शिवसेना को 2019 में भाजपा और देवेंद्र फडणवीस के बजाय कांग्रेस को चुनने की अपनी गलती का अहसास हो गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी को अहसास हो गया है कि कांग्रेस की विचारधारा उसे आगे नहीं ले जा सकती है। उन्होंने कहा, 'अगर केंद्र से लेकर पंचायत स्तर तक एक ही विचारधारा वाली एक पार्टी या गठबंधन सत्ता में है, तो विकास के लिए रखा गया एक-एक पैसा दिल्ली से जमीनी स्तर तक पहुंचता है।' बावलकुले ने कहा कि महायुति में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। इसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा अहंकारी नहीं होगी और स्थानीय चुनावों में सहयोगियों को समायोजित करने का प्रयास करेगी। मुंबई, ठाणे और नागपुर सहित कई शहरी क्षेत्रों में चुनाव 2022 की शुरुआत से लंबित हैं। प्रदेश भाजपा के शिरडी में रविवार को आयोजित किए जा रहे एक दिवसीय सम्मेलन के बारे में बावनकुले ने बताया कि इसमें 15000 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिनमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 50 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### अलवर में बिहार की लड़की के साथ होटल में बलात्कार, सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती

**अलवर एजेंसी।** राजस्थान के अलवर शहर में बिहार की लड़की की साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। अलवर कोतवाली थाने में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ बलात्कार करने और उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में पीड़िता ने एक जनवरी को एसपी के समक्ष परिवाद पेश किया था। इसके बाद थाने में मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता बिहार की रहने वाली है और शहर में किराए पर रह रही है। उसने बताया कि सोशल मीडिया पर उसकी जान-पहचान शाहदाब अली पुत्र नसीम अली निवासी उत्तराखंड से हो गई। इसके बाद फोन पर बातचीत होने लगी। इस बीच आरोपी ने उससे शादी करने की बात कही और 15 जून 2023 को उससे मिलने अलवर आया। यहां मनुमार्ग स्थित एक होटल में ले जाकर उसके साथ बलात्कार कर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। इसके बाद आरोपी 15 अक्टूबर, 2023 को उसकी बड़ी बहन की शादी में आया आया। इस दौरान आरोपी ने उसे होटल में बुलाकर 16 अक्टूबर, 2023 को उसके साथ बलात्कार की कोशिश की।

# 500 लोगों को लगाया चूना, नोएडा में कॉल सेंटर खोल ठगने वाले 8 जालसाज दबोचे; निवेश के नाम पर फ्रॉड



**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने और लोन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर सरगना समेत आठ आरोपियों को दबोचा है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। गिरफ्त में आए आरोपी इंश्योरेंस पॉलिसी अपडेट करने के नाम पर भी ठगी करते थे। पकड़े गए आरोपी करीब 500 से अधिक लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। डीसीपी रामबदन सिंह ने शनिवार को बताया कि सेक्टर-20 थाने में दर्ज एक मुकदमे के सिलसिले में आरोपी से पूछताछ के दौरान ठगी करने वाले गैंग के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद गैंग का पर्दाफाश करने के लिए एसीपी शैव्या गोयल की अगुवाई में एक टीम बनाई गई। टीम ने शनिवार को सेक्टर दो में संचालित कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर गैंग के सभी आरोपियों को दबोच लिया। कॉल सेंटर से 17 मोबाइल और नकदी समेत अन्य सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के दरभंगा निवासी गणेश ठाकुर, पश्चिम बंगाल के वर्धमान निवासी प्रभाष झा और मनीष कुमार झा, दिल्ली के कालकाजी निवासी परवेज आलम, कानपुर देहात निवासी शुभम यादव, वाराणसी निवासी ज्ञानेंद्र, एटा निवासी शबनम और इटावा निवासी निवासी आराधना के रूप में हुई है। वर्तमान में सभी आरोपी नोएडा और दिल्ली की अलग-अलग जगहों पर किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। आरोपियों की उम्र 25 से 35 साल के बीच है। गिरोह के सरगना गणेश ठाकुर और ज्ञानेंद्र हैं। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि गैंग का सरगना डार्क वेब और अन्य वेबवाइट के जरिये ऐसे लोगों का डेटा लेता था, जिन्हें लोन और इंश्योरेंस की आवश्यकता होती थी। आरोपी विभिन्न बैंकों का कर्मचारी बताते हुए ग्राहकों को कॉल करते थे। इसके बाद ग्राहक की जरूरत के अनुसार प्रलोभन देकर उन्हें आसान शर्तों पर लोन, इंश्योरेंस कराने का विश्वास दिलाकर उनसे कुल रकम का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा कमीशन के रूप में पहले ही ले लेते थे। रकम ट्रांसफर कराने के बाद गैंग के लोग ग्राहक से संपर्क ही तोड़ देते थे। कई बार लोन कराने अथवा लैप्स पॉलिसी को रिन्यू कराने के लिए काफी मोटी रकम वसूली जाती थी। गैंग का सरगना बिना किसी लाइसेंस के फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर रहा था। उसके द्वारा अब तक पांच सौ से अधिक लोगों के साथ करीब 6 करोड़ रुपये की ठगी की जा चुकी है।

**मूल नाम बदलकर लोगों से संपर्क करते थे :** ग्राहकों से ठगी करने के लिए आरोपी अपने मूल नाम की जगह किसी दूसरे नाम का इस्तेमाल करते थे। शबनम पूजा शर्मा के नाम से, आराधना-रिंकी वर्मा के नाम से व गणेश ठाकुर सुरेश के नाम से कॉल व वॉट्सऐप पर मैसेज भेजता था। झांसे में आकर जब कोई ग्राहक मोटी रकम निवेश कर देता था तो उसे दो से तीन गुना मुनाफा होने की जानकारी दी जाती थी।

**डेढ़ महीने पहले ही खोला था कॉल सेंटर :** गिरोह के सरगना ने बताया कि नोएडा में उसने डेढ़ महीने पहले ही कॉल सेंटर खोला था। पूर्व में वह अलग-अलग जगहों पर कॉल सेंटर खोलकर लोगों के साथ ठगी कर चुका है। चार से छह महीने बाद आरोपी जगह बदल देते थे ताकि पकड़े न जाएं। उत्तर प्रदेश के बाहर के सभी राज्यों के लोगों को आरोपी निशाना बनाते थे। दूरी होने के कारण पीड़ित नोएडा पुलिस से मामले की शिकायत नहीं कर पाते थे।

**आरोपी बीटेक-एमए पास :** गिरोह के सभी सदस्य पढ़े-लिखे हैं। गणेश ठाकुर बीए, प्रभाष झा बीबीए, मनीष कुमार झा इंटरमीडिएट, परवेज आलम बीए, शुभम यादव इंटरमीडिएट, ज्ञानेंद्र बीटेक, शबनम अर्थशास्त्र से एमए और आराधना ने बीएड किया हुआ है। गिरफ्त में आई महिलाओं को भी ठगी की पूरी जानकारी होती थी। सैलरी से इतर ठगी करने पर महिलाओं समेत अन्य आरोपियों को कमीशन भी मिलता था। लोगों को शक न हो इसके लिए ही महिला कर्मचारियों से कॉल कराई जाती थी। आरोपियों ने भारतीय रिजर्व बैंक व गवर्मेंट ऑफ इंडिया से संबंधित प्रपत्रों को गूगल से डाउनलोड कर प्रिंट आउट कराकर रखा था।

## किन लोगों को शामिल करता है अलकायदा? दिल्ली पुलिस के सामने शहबाज ने खोले राज; लिए कई नाम



**रांची , एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम अलकायदा के संदिग्ध शाहबाज अंसारी को शनिवार को दिल्ली ले गई। उससे पहले रांची में हुई पूछताछ में शाहबाज ने अलकायदा मॉड्यूल से जुड़ी कई अहम जानकारी दी। उसने बताया कि कम पढ़े-लिखे और मजदूर वर्ग के लोगों का ब्रेनवॉश कर अलकायदा में शामिल कराया जाता है। उसने कई संदिग्धों के नाम भी बताए हैं। एटीएस ऐसे लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है। बता दें कि रांची के चान्हो निवासी शाहबाज की गिरफ्तारी शुक्रवार को लोहरदगा के सेन्हा में उसके रिश्तेदार के घर से की गई थी। फिलहाल वह तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर है। पेशे से राजमिस्त्री शाहबाज ने बताया कि उसकी दोस्ती अपने ही गांव चान्हो निवासी एनामुल अंसारी से थी। एनामुल अलकायदा से जुड़ने के लिए तरह-तरह की बातें बता छह माह तक उसका ब्रेनवॉश करता रहा। इसके बाद अगस्त 2024 में एनामुल उसे ट्रेन से दिल्ली फिर राजस्थान के भिवाड़ी स्थित ट्रेनिंग कैंप ले गया। वहां करीब एक दर्जन लोग ट्रेनिंग ले रहे थे। शाहबाज ने भी वहां तीन दिन आतंकी ट्रेनिंग ली। इसी दौरान 24 अगस्त 2024 को दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने कैंप में छापेमारी कर एनामुल समेत कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया, पर वह भाग निकला। शाहबाज ने एजेंसियों को भिवाड़ी में ट्रेनिंग देने वाले ट्रेनर का हुलिया भी बताया है। उसने जो हुलिया बताया है, उससे पुलिस को संदेह है कि ट्रेनर कोई भारतीय ही रहा होगा।

## मराठा चेहरा, कोंकण में पलटी बाजी; बीजेपी ने क्यों जताया रवींद्र चव्हाण पर भरोसा

**मुंबई , एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाने वाले पूर्व मंत्री और चार बार के विधायक रवींद्र चव्हाण को महाराष्ट्र बीजेपी की कमान थमा दी गई है। उन्हें महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि देवेंद्र फडणवीस और आरएसएस ने उनके लिए पूरा जोर लगा दिया। बीजेपी ने विज्ञप्ति जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की है। पहले कहा जा रहा था कि बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के खत्म होने के बाद की जाएगी और मंत्रियों के विभागों के बंटवारे के बाद आखिरकार आज (11 जनवरी) इसकी घोषणा कर दी गई। महाराष्ट्र में पार्टी संगठन के चुनाव से पहले ही यह ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब वही चंद्रशेखर बावनकुले की जगह लेंगे। 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने चंद्रशेखर बावनकुले को टिकट नहीं दिया था। जिसकी मार उन्हें विदर्भ में पड़ी। साथ ही राज्य में सत्ता समीकरण बदलने के बाद विदर्भ के मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए चंद्रशेखर बावनकुले को प्रदेश अध्यक्ष का पद दिया गया।

# नाबालिग से 5 साल में 62 ने किया रेप, कोच और खिलाड़ियों पर आरोप; अब तक 14 लोग गिरफ्तार

**कोच्ची , एजेंसी।** केरल में दलित लड़की से विभिन्न स्थानों पर दुष्कर्म के मामले में 7 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता एक एथलीट है। अब तक इस मामले में कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

यह घटना उस समय हुई जब पीड़िता नाबालिग थी। पीड़िता अब 18 साल की है। उसने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 13 वर्ष की उम्र से अब तक 62 लोगों ने उसका यौन शोषण किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि लड़की का उसके खेल प्रशिक्षकों, साथी एथलीटों और सहपाठियों ने शोषण किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग रखी है। साथ ही, अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है और न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष व समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने को कहा है। केरल महिला आयोग ने स्वतः मामला दर्ज किया और आयोग की अध्यक्ष पी. सती देवी ने पत्तनमथिट्टा के पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह मामला बाल कल्याण समिति की ओर से आयोजित परमार्श के दौरान सामने आया, जब एक शैक्षणिक संस्थान में पीड़िता के शिक्षकों ने समिति को उसके व्यवहार में आए महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में बताया। इसके बाद समिति ने पुलिस को सूचित किया और जांच करने के लिए पत्तनमथिट्टा के पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया गया।

**19 से 30 साल के बीच के गिरफ्तार आरोपी :** पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को जिले के 2 थानों में पांच प्राथमिकियां दर्ज होने के बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, मामले के सिलसिले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों की उम्र 19 से 30 साल के बीच है और उनमें से कई का आपराधिक इतिहास रहा है। केरल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**खेल शिविर के दौरान भी हुआ बलात्कार :** केडब्ल्यूसी ने विज्ञप्ति में बताया, शिकायत में कहा गया कि एथलीट लड़की का 62 लोगों ने यौन उत्पीड़न किया। 13 साल की उम्र से ही उसके साथ दुष्कर्म किया जा रहा था। यह भी पाया गया कि स्कूल और खेल प्रशिक्षण शिविर में उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, प्रारंभिक जांच से पता चला कि स्कूल स्तर की एथलेटिक प्रशिक्षण में भाग लेने वाली लड़की के साथ खेल प्रशिक्षकों, साथी एथलीटों और अन्य लोगों ने दुर्व्यवहार किया। सूत्रों ने बताया कि जांच अब दुर्व्यवहार में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाने पर केंद्रित है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस नई प्राथमिकियों और गिरफ्तारियों का ब्योरा पत्तनमथिट्टा बाल कल्याण समिति को सौंपेगी। पीड़िता के बयान के अनुसार, 13 साल की उम्र में उसके पड़ोसी ने पहली बार उससे दुष्कर्म किया था, जिसके बाद 62 लोगों ने उसका यौन उत्पीड़न किया।

**पीड़ित लड़की के कुछ पड़ोसी भी गिरफ्तार :** सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए कुछ आरोपी नाबालिग लड़की के पड़ोसी के? दोस्त हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या संदिग्धों ने पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने बताया कि पत्तनमथिट्टा थाने की एक महिला उपनिरीक्षक के समक्ष लड़की का विस्तृत बयान दर्ज किया जाएगा।

# जेवर एयरपोर्ट को एनएच-34 से जोड़ने पर विचार





**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी में एक और कड़ी जोड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। एयरपोर्ट को एनएच-34 से जोड़ने की संभावना तलाशी जा रही है। इसे लेकर प्राधिकरण और एनएचएआई के अधिकारियों के बीच पहले चरण की वार्ता में एलाइनमेंट को लेकर विचार-विमर्श हो चुका है। अब इसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा।

यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का एलाइन्मेंट यूपीडा ने तैयार किया है, लेकिन अभी तक एनएच-34 से एयरपोर्ट जाने का रास्ता नहीं है। इसे पूरा करने के लिए नए मार्ग की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। एनएच- 34 उत्तराखंड में गंगोत्री धाम से मध्य प्रदेश में लखनादौन तक जाता है, जो गाजियाबाद में लाल कुआं होते हुए दादरी से गुजरकर बुलंदशहर को जोड़ रहा है। इसे लेकर प्राधिकरण और एनएचएआई के अधिकारियों के बीच एक दौर की वार्ता हो चुकी है, जिसमें एलाइनमेंट को लेकर चर्चा की गई है कि नोएडा एयरपोर्ट की एनएच 34 से कनेक्टिविटी सिकंदराबाद से हो या खुर्जा से होनी चाहिए। जेवर-सिकंदराबाद मार्ग का हिस्सा हो चुका है अधिग्रहित ़ जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण में 6 गांव की 1334 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित हुई है। अधिग्रहण में जेवर-सिकंदराबाद मार्ग का करीब तीन किमी हिस्सा भी अधिग्रहित हो चुका है। जेवर से जहांगीरपुर, झाझर होकर सिकंदराबाद वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। इससे पहले एयरपोर्ट की खुर्जा से कनेक्टिविटी पर विचार हो चुका है, लेकिन इस पर कोई आगे कार्रवाई नहीं बढ़ी है। यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने और माल ढुलाई में आसानी होगी यदि इस कनेक्टिविटी पर सहमति बन जाती है तो उत्तराखंड से मध्य प्रदेश तक एयरपोर्ट पर माल ढुलाई आसान हो जाएगी। इसके अलावा गाजियाबाद, दादरी, नोएडा, बुलंदशहर और अलीगढ़ समेत अन्य जिलों और राज्यों से यात्रियों को एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। शैलेंद्र भाटिया, ओएसडी यमुना प्राधिकरण ने कहा, एनएच-34 से एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए शुरुआती चर्चा हुई है। ठोस प्रस्ताव आने पर कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

## यात्रियों की हुई बल्ले-बल्ले; अयोध्या, पटना समेत 18 शहरों में जल मेट्रो चलाने की तैयारी



**कोच्चि, एजेंसी।** कोच्चि जल मेट्रो की सफलता के बाद अब देश भर में 18 स्थानों पर यह सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है। पर्यावरण अनुकूल इस नए जल परिवहन मॉडल को दोहराने की प्लानिंग चल रही है। कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड की ओर से यह जानकारी दी गई। जल मेट्रो का संचालन और रखरखाव करने वाली केएमआरएल ने इसे लेकर शनिवार को बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने उसे विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार का जल मेट्रो सिस्टम की क्षमता का आकलन करने का काम सौंपा है। बयान में कहा गया, हाल ही में अपने निदेशक मंडल से परामर्शदात्री शाखा बनाने की मंजूरी मिली है। इसके बाद केएमआरएल ने प्रारंभिक कार्य के लिए एक आंतरिक समिति गठित की है। जरूरत पड़ने पर इस कार्य के लिए बाहरी विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नई पहल केएमआरएल केरल के नवाचार और विशेषज्ञता के लिए गौरव की बात है। केएमआरएल की विज्ञप्ति में उन शहरों के बारे में भी बताया गया जहां जल मेट्रो चलाए जाने की तैयारी है। इनमें अहमदाबाद, सूरत, मंगलुरु, अयोध्या, धुबरी, गोवा, कोल्लम, कोलकाता, पटना, प्रयागराज, श्रीनगर, वाराणसी, मुंबई, कोच्चि और वसई शामिल हैं। जल मेट्रो रेल सिस्टम आधुनिक सुविधाओं से लैस केएमआरएल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जल मेट्रो रेल सिस्टम को आधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण के हिसाब से तैयार किया गया है। इसका डिजाइन टिकाऊ है। इस तरह कोच्चि जल मेट्रो ने शहरी जल परिवहन के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। फिलहाल नदियों, झीलों और तटीय क्षेत्रों में जल मेट्रो सेवा स्थापित करने की संभावना पर चर्चा जारी है। संभावित जगहों में गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी, जम्मू कश्मीर में डल झील व अंडमान और लक्षद्वीप में द्वीपों को जोड़ा जाएगा। इसे लेकर अलग-अलग स्तर पर स्टडी की जा रही है और संभावित मार्गों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# असम की खदान में डूबने से मरने वालों की संख्या 4 हुई, 3 और शव बरामद किए गए



**गोवाहाटी , एजेंसी।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक कोयला खदान में फंसे तीन और खनिकों के शव शनिवार को बचाव अभियान के दौरान बरामद हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पहला शव बुधवार को निकाला गया था। ये चार खनिक उन नौ खनिकों में शामिल थे, जो छह जनवरी को उमरंगसो स्थित खदान में अचानक पानी भर जाने के कारण फंस गए थे। अधिकारी ने बताया, ''बचाव अभियान आज फिर से शुरू किया गया और फंसे हुए खनिकों की तलाश के छठे दिन तीन शव बरामद किए गए। नेपाल के रहने वाले एक खनिक का शव आठ जनवरी को बरामद किया गया था।

उन्होंने बताया कि दिन में खदान से जिन तीन खनिकों के शव बरामद किए गए, उनकी पहचान दिमा हसाओ जिले के लिगेन मगर (27), कोकराझार जिले के खुशी मोहन राय (57) और सोनितपुर जिले के सरत गोयारी (37) के रूप में की गई है।

अधिकारी ने बताया कि दो दिन तक खदान से पानी निकालने के बाद शव पानी में तैरते हुए पाए गए। उन्होंने बताया कि सेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के गोताखोरों ने शवों को बाहर निकाला। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में शवों की बरामदगी के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ''उमरंगसो में बचाव अभियान जारी है... हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त लोगों के साथ हैं।'' मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि यह खदान 12 वर्ष पहले बंद कर दी गई थी और तीन साल पहले तक यह असम खनिज विकास निगम के अधीन थी। शर्मा ने शुक्रवार रात को कहा था, ''यह कोई अवैध खदान नहीं थी, बल्कि इसे बंद कर दिया गया था। उस दिन खनिक पहली बार कोयला निकालने के लिए खदान में उतरे थे।'' उन्होंने बताया था कि खनिकों के मुखिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना में दीमा हसाओ स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य (सीईएम) देबोलाल गोरलोसा के परिवार के सदस्य की कथित संलिप्तता पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह मानवीय त्रासदी है और हमें इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। उमरंगसो जिले में सोमवार को कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से कुल नौ खनिक फंस गये थे। इस बीच, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर खनन त्रासदी की एसआईटी से जांच कराये जाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि असम में ''अवैध खनन बेरोकटोक जारी है''। गोगोई ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि प्रस्तावित विशेष जांच दल (एसआईटी) को न केवल खदान के ''अवैध'' संचालन की जांच करनी चाहिए और इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करनी चाहिए, बल्कि व्यापक मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए।



# 14 साल की बच्ची ने 50 ओवरों के क्रिकेट में तिहरा शतक जड़ रचा इतिहास

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की 14 साल की बच्ची इरा जाधव ने रविवार ( 12 जनवरी ) को बैंगलोर के अलूर क्रिकेट स्टेडियम में इतिहास रच दिया। उन्होंने मुंबई और मेघालय के बीच अंडर-19 महिला वनडे ट्रॉफी (यूथ लिस्ट-ए) मैच में तिहरा शतक लगाया।

इरा जाधव ने 157 गेंद पर नाबाद 346 रन बनाए। 220.38 का स्ट्राइक रेट रहा। उन्होंने 42 चौके और 16 छक्के लगाए। मुंबई ने 50 ओवर में 3 विकेट पर 563 रन बनाए। इरा ने महिला अंडर-19 वन डे ट्रॉफी के इतिहास में अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड स्मृति मंधाना के नाम था

मुंबई की इस बल्लेबाज ने महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी का हिस्सा थीं। उनका बेस प्राइस 10 लाख रुपये था, लेकिन किसी ने उन्हें नहीं खरीदा। डब्ल्यूपीएल 2025 नीलामी में अंशु नागर के साथ इरा जाधव सबसे कम उम्र की खिलाड़ी थीं, जिनकी उम्र क्रमशः 13 और 14 वर्ष थी।

### जेमिमा रोड्रिग्स हैं आदर्श

ओपनिंग डोर के साथ एक इंटरव्यू में जाधव ने खुलासा किया कि जेमिमा रोड्रिग्स उनकी आदर्श हैं। उन्होंने एक खिलाड़ी है जो मुझे लगता है कि मेरी क्रिकेट की आदर्श है- जेमिमा रोड्रिग्स। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह अपनी साथियों को संभालती है, टीम में जो ऊर्जा भरती हैं, खेल और मैदान पर उनकी ऊर्जा। मेरा लक्ष्य राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना है। मैं विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व भी करना चाहती हूं। अपने छोटे से क्रिकेट करियर के सबसे बेहतरीन पल के बारे में बात करते हुए जाधव कहती हैं, यह वो समय था जब मैंने मिक्स्ड टीम में अपना पहला शतक (163) बनाया था। यह कुछ साल पहले पुणे में हुआ था और टीम में लड़के और लड़कियों का मिश्रण था। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला कि मैं अच्छा कर सकती हूं।

### इंडिया-ऑयरलैंडः



# भारत ने बनाया वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

### जेमिमा रोड्रिग्स का शतक, स्मृति मंधाना, प्रतिका, हरलीन के अर्धशतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जेमिमा रोड्रिग्स के शतक साथ ही स्मृति मंधाना, प्रतिका, हरलीन के अर्धशतक की मदद से 50 ओवर में 5 विकेट पर 370 रन बनाए।

महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में ये भारत का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने वनडे का सबसे बड़ा स्कोर 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था जो 4 विकेट पर 358 रन था। आयरलैंड के खिलाफ इस मैच में जेमिमा ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने इस मैच में 90 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया जबकि इस मैच में उन्होंने 91 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 102 रन की पारी खेली। ये जेमिमा के वनडे क्रिकेट करियर का पहला शतक रहा। इस मैच में भारत के लिए कप्तान स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने पारी की शुरुआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की बेहद मजबूत साझेदारी हुई। स्मृति ने इस मैच में 54 गेंदों पर 2 छक्के और 10 चौकों की मदद से 73 रन की पारी खेली जबकि प्रतिका ने 61 गेंदों पर एक छक्का और 8 चौकों की मदद से 64 रन बनाए।

आयरलैंड के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आई हरलीन देओल ने भी शानदार पारी खेली। उन्होंने 84 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 89 रन बनाए। आयरलैंड के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए जेमिमा और हरलीन देओल के बीच 183 रन की शतकीय साझेदारी हुई। इस मैच में भारत की तरफ से दो शतकीय साझेदारी की गई और टीम इंडिया इसके दम पर ही सबसे बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रही।



## जय शाह के बाद देवाजीत सैकिया बने बीसीसीआई के नए सेक्रेटरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** असम के पूर्व क्रिकेटर देवजीत सैकिया ने जय शाह की जगह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव पद की जिम्मेदारी संभाल ली है। जय शाह के आईसीसी अध्यक्ष बनने के बाद से ये पद एक महीने से अधिक समय से खाली था।

सचिव के तौर पर सैकिया ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के साथ उस बैठक में हिस्सा लिया था जिसे भारत के खराब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आयोजित किया गया था। इस बैठक में कप्तान रोहित शर्मा, कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी शामिल हुए थे। वहीं पूर्व सचिव जय शाह भी इसका हिस्सा थे। इसके अलावा प्रभतेज भाटिया को बोर्ड का नया कोषाध्यक्ष बनाया गया।

असम से ताल्लुक रखने वाले देवजीत सैकिया का बैकग्राउंड बहुआयामी है। उन्होंने क्रिकेट भी खेला और कानून व प्रशासन के क्षेत्र में भी काम किया। प्रथम श्रेणी क्रिकेटर के रूप में सैकिया ने 1990 और 1991 के बीच 4 मैच खेले जिसमें उन्होंने विकेटकीपर के रूप में काम किया। उनका क्रिकेट करियर काफी छोटा था और इस दौरान उन्होंने विकेटकीपर के रूप में 9 शिकार किए जबकि 53 रन बनाने में सफल रहे।

क्रिकेट खेलना छोड़ने के बाद सैकिया ने वकालत के क्षेत्र में काम किया और 28 साल की उम्र में में गुवाहाटी उच्च न्यायालय में वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की। अपने कानूनी करियर से पहले उन्होंने खेल कोटे के माध्यम से उत्तरी सीमांत रेलवे और भारतीय रिजर्व बैंक में भी नौकरी हासिल की थी। सैकिया का क्रिकेट प्रशासन में प्रवेश साल 2016 में हुआ जब वे हेमंता बिस्वसरमा की अध्यक्षता में असम क्रिकेट एसोसिएशन के छह उपाध्यक्षों में से एक बने। बाद में वे 2019 में एसीए सचिव बने और फिर इसके बाद वो साल 2022 में बीसीसीआई के संयुक्त सचिव भी बने।

# पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया है जिससे उनका टेस्ट क्रिकेट में भविष्य खतरे में पड़ गया है।

शाहीन को 2024 की शुरुआत से पाकिस्तान के आखिरी 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैच से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें तथाकथित रूप से विश्राम दिया गया।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक 32 टेस्ट में 116 विकेट लिए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भी टीम में नहीं चुना गया था। तब चयनकर्ताओं ने स्पष्टीकरण दिया था कि वे उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तरोताजा चाहते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शाहीन को मौजूदा बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में कोई संकोच नहीं किया, जबकि उसी समय दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला चल रही थी। चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह, मीर हमजा, मुहम्मद अब्बास और आमिर जमाल को भी टीम में नहीं रखा जबकि वे दक्षिण अफ्रीका में खेली गई श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे। पाकिस्तान इस श्रृंखला के दोनों मैच में हार गया था।

चयनकर्ताओं के एक करीबी सूत्र ने कहा कि शाहीन और नसीम दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार किया जा रहा है। सूत्र ने कहा, 'चयनकर्ता चाहते हैं कि शाहीन और यहां तक कि नसीम भी चैंपियंस ट्रॉफी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें क्योंकि यह 50 ओवरों की प्रतियोगिता है और हम गत चैंपियन हैं।

# टीम इंडिया में मोहम्मद शमी की वापसी

### क्रिकेट फैंस ने मिठाई खिलाकर जताई खुशी





**अमरोहा, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की टीम इंडिया में वापसी हुई है। इस घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के पैतृक गांव सहसपुर अलीनगर में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

मोहम्मद शमी के टीम इंडिया में चुने जाने पर क्रिकेट प्रशंसक तंजील ने खुशी जताई। उन्होंने बताया कि वह काफी समय तक चोट के कारण टीम से बाहर थे, लेकिन अब उनका चयन इंग्लैंड दौरे के लिए हुआ है। पूरे देश के क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर है। हमें उम्मीद है कि जिस तरह का प्रदर्शन शमी ने वर्ल्ड कप में किया था, वैसा ही प्रदर्शन वह इंग्लैंड के खिलाफ करेंगे। क्रिकेट प्रशंसक अफ्फान जैदी ने कहा, वर्ल्ड कप की तरह शमी एक बार फिर अपने आप को साबित करने में सफल होंगे और शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए खेलते हुए अमरोहा का नाम रोशन करेंगे।

क्रिकेट प्रशंसक गुफरान आबिद ने कहा कि मोहम्मद शमी एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम रोशन किया था। हमें उम्मीद है कि शमी इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन करेंगे। उनका भारतीय क्रिकेट टीम में चयन सराहनीय कदम है। भारतीय क्रिकेट टीम में अमरोहा निवासी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की चौदह महीने बाद वापसी हुई है। वह वर्ल्ड कप 2023 के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार खेलेंगे।

हाल ही में शमी रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेलते नजर आए। हालांकि, घुटने में सूजन के कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 से बाहर हो गए थे।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल (उपकप्तान), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) को चुना गया है।

## दक्षिण अफीका ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है : डिविलियर्स



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है तथा उसने कई बदलाव के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और वह जून में लॉर्ड्स में प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम ने घरेलू सरजमीं पर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला ड्रा कराई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी अन्य प्रमुख टेस्ट टीमों से नहीं खेली। डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका की अनुचित आलोचना हुई है। आपको टीम के बारे में राय देने से पहले पिछले तीन से पांच वर्षों में हुए सभी बदलावों को ध्यान में रखना होगा।

उन्होंने कहा, 'कई अनुभवी खिलाड़ी संन्यास ले रहे हैं। कोचिंग स्टाफ में काफी बदलाव हुआ है। टीम में कई बदलाव हुए हैं तथा कई नई चेहरे टीम से जुड़े हैं। दो नए कोच शुक्री कॉनराड टेस्ट टीम और रोब वाल्टर सीमित ओवरों की टीम का संचालन कर रहे हैं। डिविलियर्स ने कहा, 'हमारी टीम में कई नई चीजें हुई हैं।

### सैंटनर पहली बार बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में कप्तानी करेंगे

# न्यूजीलैंड की चैम्पियंस ट्रॉफी टीम घोषित



**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी और पाकिस्तान में होने वाली ट्राई-सीरीज के लिए मिचेल सैंटनर की अगुवाई में टीम का ऐलान किया। इस टीम में विल ओ'रूर्के, बेन सियर्स और नाथन स्मिथ जैसे युवा तेज गेंदबाजों को शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिनर सैंटनर पहली बार किसी बड़े आईसीसी इवेंट में न्यूजीलैंड टीम की कमान संभाल रहे हैं। सैंटनर को पिछले महीने न्यूजीलैंड की सफेद गेंद (वनडे और टी20) टीम का स्थायी कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू वनडे और टी20 सीरीज में सफल कप्तानी की थी।

बेन सियर्स पिछले साल यूएसए और वेस्टइंडीज में हुए टी20 वर्ल्ड कप में रिजर्व खिलाड़ी थे। वह अब चोट से उबरकर टीम में लौटे हैं। वहीं, विल ओ'रूर्के और नाथन स्मिथ ने हाल के समय में शानदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह पक्की की है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, आईसीसी टूर्नामेंट हमारे खेल का शिखर हैं, और इसमें देश का प्रतिनिधित्व करना बड़ा सम्मान है।

टीम में सैंटनर के अलावा अनुभवी खिलाड़ी केन विलियमसन और टॉम लैथम जैसे सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं। लैथम विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्पिन विभाग में सैंटनर के साथ माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। तेज गेंदबाजी की अगुआई मैट हेनरी करेंगे, जिनका साथ अनुभवी लॉकी फर्ग्यूसन देंगे। बल्लेबाजी में रचिन रवींद्र, डेवोन कॉन्वे, विल यंग और डेरिल मिचेल जैसे भरोसेमंद खिलाड़ी शामिल हैं। न्यूजीलैंड टीम 3 फरवरी को पाकिस्तान रवाना होगी। वहां पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कराची और लाहौर में त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद 19 फरवरी को कराची में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का पहला मैच खेलेगी। न्यूजीलैंड ने 2000 में इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था, जिसे तब आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था। फाइनल में उन्होंने सौरव गांगुली की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हराया था।

कोच स्टीड ने कहा, हम इस टूर्नामेंट के इतिहास और अपनी पुरानी सफलता को याद रखते हुए एक बार फिर वैसा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

## आरसीबी के इस बल्लेबाज को भारतीय टीम में नहीं मिली जगह, 2024 में 181 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाए थे 823 रन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया। भारतीय सेलेक्टर्स ने इस टीम में आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज रजत पाटीदार को मौका नहीं दिया जो घरेलू स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

रजत का प्रदर्शन आईपीएल में भी अच्छा रहा है और वो अपनी टीम आरसीबी के लिए रन बनाने में पिछले सीजन में भी सफल रहे थे। रजत पाटीदार को आक्रामक बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है तो मध्यक्रम के शानदार बल्लेबाज हैं। रजत को भारत के लिए 3 टेस्ट और एक वनडे मैच में खेलने का मौका मिला है, लेकिन टी20 प्रारूप में वो अब तक डेब्यू नहीं कर पाए हैं।

रजत लगातार छोटे प्रारूप के लिए टीम इंडिया का दरवाजा खटखटा रहे हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाया है। रजत पाटीदार ने साल 2024 में टी20 में काफी अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने 181.6 की स्ट्राइक रेट के साथ कुल 823 रन बनाए।

# श्री राम लला सरकार के दिव्य दरबार में कैमरे के सामने लाइव चमत्कार, लोग हैरान

**कई लोगों को नाम लेकर बुलाया और पूरे परिवार के सदस्यों के नाम पिछली घटनाओं सहित भविष्य के बारे में भी बताया**



**पन्ना।** झारखंडन शक्तिपीठ सकरिया में त्रिकालदर्शी एवं चमत्कारी संत श्री राम लला सरकार का दिव्य दरबार 11 जनवरी 2025 को प्रारंभ हुआ प्रथम दरबार में ही भीड़ उमड़ पड़ी, हर कोई महाराज के चमत्कार देखने के लिए उत्सुक था, दोपहर लगभग 1 बजे माता झारखंडन की आरती उपरांत दरबार शुरू हुआ जिसमें श्री राम लला सरकार ने कई लोगों को नाम लेकर बुलाया और उनसे बिना कुछ पूछे केवल चेहरा देखकर उनके परिवार के सदस्यों के नाम, पिछली घटनाओं एवं वर्तमान की स्थिति सहित भविष्य के बारे में भी बताया, इस दौरान दरबार में मां झारखंडन, मां निकुंभला, मां कामाख्या और श्री राम लला सरकार के जयकारे गूंजते रहे।

प्रथम दरबार में ही क्षेत्रीय लोगों सहित दूर-दूर के लोग पहुंचे थे और महाराज के चमत्कार देखकर आश्चर्यचकित होते रहे। दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था जहां सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम लला सरकार ने बताया कि यह प्राचीन विद्या है जो आदि अनादि काल से चली आ रही है और आज भी कायम है लेकिन इसकी प्राप्ति के लिए साधना की आवश्यकता पड़ती है जो हर किसी के बस की बात नहीं होती।

महाराज ने बताया कि पन्ना ऋषि मुनियों की भूमि है यहां सकारात्मक ऊर्जा है। आगे कहा कि पन्ना की धरती उन्हें हमेशा आकर्षित करती है उन्हें लगता है कि जैसे पन्ना से उनका जन्म-जन्म का नाता है। उन्होंने झारखंडन मंदिर के पास ही मां निकुंभला शक्तिपीठ की स्थापना की इच्छा जताई है।

उन्होंने बताया कि वह हमेशा यहां आते जाते रहे लेकिन पिछले एक माह से यहां विशेष धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं जहां लोग अपनी समस्याएं लेकर आते रहते हैं लेकिन कई बार उन्हें बाहर जाना होता है जिससे लोग इंतजार करते रहते थे जिसे देखते हुए प्रत्येक शनिवार को दरबार लगाने का निर्णय लिया है ताकि लोगों से मुलाकात का एक निश्चित रहे। दरबार के दौरान हजारों की संख्या में युवाओं, बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की भीड़ बताई गई है।

## कियोस्क संचालक के द्वारा की गई धोखाधड़ी को लेकर सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिले मे विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कियोस्क सेन्टर खोल दिये गये है, जिसमें आम लोगो को लेन देन करने में आसानी हो सकें। तथा बैंक से लेन देन करने के लिए दूर नहीं भटकना पड़े, लेकिन कियोस्क संचालको द्वारा आम गरीब आदिवासीयों तथा अशिक्षित लोगो के साथ धोखाधड़ी की जा रहीं है। जिससे आम जन परेशान है, इसी प्रकार का मामला पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुड़वारी का सामने आया है, जहां पर कियोस्क सेन्टर संचालित हो रहा है, उक्त सेन्टर मुडवारी निवासी राकेश सोनी के द्वारा किया जाता है, दो गरीब हितग्राहियों द्वारा राशि निकालकर न देने एवं हडपने के आरोप लगाये है, तथा आदिवासी दलित क्रांति सेना के तत्वाधान में ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि बृद्ध गरीब आदिवासी विश्वनाथ सिंह निवासी मुरकुछु के तीस हजार रूपये निकाल लिये गये, तथा उसे दिये नहीं गयें। इसी प्रकार ललिता लोधी निवासी मुड़वारी के भी 17 हजार रूपये निकाले गयें लेकिन उक्त राशि उसे प्राप्त नहीं हुई। इस प्रकार कियोस्क संचालक द्वारा दो हितग्राहियो की राशि निकालने के आरोप लगें है। जिसको लेकर दलित क्रांती सेना के जिला संयोजक केपी सिंह के नेत्रत्व में ज्ञापन सौपा गया तथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई।

# फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया सूर्य नमस्कार

पन्ना




राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी, पन्ना के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने 12 जनवरी 2025 को सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एकेडमी के संचालक और मुख्य प्रशिक्षक इरफान खान ने किया। इरफान खान ने सभी को सूर्य नमस्कार के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह केवल शरीर को फिट रखने का माध्यम नहीं हैए बल्कि मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार से शरीर मजबूत बनता हैए लचीलापन बढ़ता है और श्वसन तंत्र भी स्वस्थ होता है। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया कार्यक्रम में नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, लॉरेंस एट्रेस अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हैल्थ क्लब और हर्षिता विश्वकर्मा अंतरराष्ट्रीय जु-जित्सु खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में पीयूष विश्वकर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, मनीष विश्वकर्मा, रचित अहिरवार, दिव्या अहिरवार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमीए पन्ना ने इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया है, ताकि युवाओं को प्रेरित किया जा सके और समाज में एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके।

# चाचा ने की कुल्हाड़ी मारकर भतीजे की हत्या, क्षेत्र मे सनसनी




**पन्ना।** कोतवाली थाना अन्तर्गत बराछ पुलिस चौकी के ग्राम देवरी में एक 16 वर्षीय छात्र की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई है जिससे गांव में सनसनी तथा दहशत का माहोल कायम हो गया है। जानकारी के अनुसार बराछ पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम देवरी निवासी नीलेश वंशकार उम्र 16 वर्ष जो बराछ हायर सेकेन्ड्री स्कूल मे दसवी का छात्र है घर पर ही पढाई कर रहा था, बीते दिवस शाम 4 बजे पड़ोसी रिस्ते के चाचा मुकेश पिता सुनवा वंशकार द्वारा घर मे घुसकर कुल्हाड़ी से नीलेश की हत्या कर दी गई तथा कुल्हाड़ी लेकर वह बाहर भाग गया। जिसे देखकर लोगो ने अन्दर जा कर देखा तो नीलेश रक्तरंजिश हालत मे पड़ा हुआ था, घटना की सूचना परिजनो द्वारा पुलिस चौकी बराछ तथा कोतवाली थाना प्रभारी को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, तथा चौकी प्रभारी शिशिर मंडल पुलिस बल के साथ देवरी ग्राम पंहुचे तथा शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव परिजनो को सौप दिया गया। तथा आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मामला कायम कर लिया गया है। लेकिन मामले में अभी पुलिस द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है, कि आखिर किन कारणो के चलते नीलेश की हत्या आरोपी द्वारा की गई है।

# यातायात पुलिस द्वारा नेशनल हायर सेकेडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमो के प्रति किया जागरूक

पन्ना



यातायात विभाग द्वारा लगातार आम लोगो तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओ को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया जा रहा है। निरीक्षक नीलम लक्षकार के प्रयास से लोगो में जागरूकता आ रहीं है, क्योकि उनके द्वारा लगातार यातायात के नियमो का पालन करने को लेकर प्रयास किये जा रहें है। इसी कड़ी में नगर के नेशनल हायर सेकेण्डरी स्कूल पन्ना एंव बस स्टैण्ड पन्ना में आमजनो तथा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन मानस व छात्र/छात्राओं को को ट्राफिक सिग्नल, ड्रायवर द्वारा इण्डिकेटर या हाथ से दिए जाने वाले सिग्नल, ट्राफिक पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चौराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल उनके मीनिग के विषय में बताया गया। रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक) सड़क चिन्हों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को रोड मार्किंग के विषय में बताया गया सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कारणों के विषय में बताया गया। वाहन दुर्घटना तेजगति गति, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। बच्चो को इमरजेंसी केयर के विषय में भी बताया गया। सड़क दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके बच्चो को गुड सेमेरिटन ( नेक व्यक्ति ) के बारे में भी बताया गया, कि पीडित व्यक्ति की मदद करने पर शासन द्वारा 5000 रूपये का ईनाम भी दिया जाता है। बच्चो को राइट आफ वे के विषय में भी बताया गया। सड़क पर चलते समय हमें पहले आपातकालीन सेवाओ में संलग्न वाहनों जैसे एम्बुलेंस, फायरब्रिगेड को पहले जाने के लिए रास्ता देना चाहिए अगले क्रम में दिव्यांग व्यक्ति, पैदल व्यक्ति साइकिल चालक को पहले निकलने के लिए रास्ता देना चाहिए आदि। जागरुकता कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के समस्त स्टाप सहित सभी छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की सपथ दिलाई जाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# उपयंत्री द्वारा ग्राम पंचायतो के कार्यो में लगातार किया जा रहा भ्रष्टाचार

**सरपंच, सचिव से मिलकर मनमाने ढंग से चलाई जा रहीं पंचायते**



**पन्ना।** पन्ना जिले मे अनेक उपयंत्री संबंधित ग्राम पंचायतो को अपने मनमाने ढंग से चलाते है, वह ठेका की तरह लेकर मनरेगा पंचपरमेश्वर तथा अन्य योजनाओं से संबंधित निर्माण कार्यो में अपने या फिर अपने परिजनो के नाम से फर्जी वेन्डर बनाकर बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित कर लेते है तथा तय कमीशन सरपंच, सचिव को दे देते है। इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री राजनरायन मिश्रा का है, जो लगभग पन्द्रह वर्ष से अधिक समय से गुनौर जनपद पंचायत मे ही जमें हुए है तथा गुनौर जनपद क्षेत्र के अनेक ग्राम पंचायतो मे रह कर उनके द्वारा व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार किया गया है। लेकिन राजनैतिक संरक्षण के चलते उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है। वर्तमान समय में वह गुनौर जनपद पंचायत क्षेत्र के सलेहा सेक्टर में पदस्थ है, तथा उनके आधीन लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायत है निनमें होने वाले कार्यो का वह मूल्यांकन करते है। ग्राम पंचायतो में भुलगंवा, भठिया, भिटारी, तिघरा बुजुर्ग, भटनबारा, आदि ग्राम पंचायतो का प्रभार उनके पास है, उक्त ग्राम पंचायतो मे होने वाले निर्माण कार्यो में लगातार भ्रष्टाचार चल रहा है, तथा अनेक कार्य कागजो पर ही दर्शाकर राशि हड़प लेने के मामले सामने आये है। गत दिवस ग्राम पंचायत भुलगंवा के ग्रामीणो द्वारा पन्ना जिला मुख्यालय पंहुचकर कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से उनकी शिकायत की गई थी। तथा बताया गया था कि इनके द्वारा ग्राम पंचायतो में सीसी निर्माण, नाली निर्माण, तालाब गहरी करण, मेड़ बधान, वृक्षा रोपण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार तथा फर्जीवाड़ा किया गया है। इन्होने अपने नोकरी कार्यकाल के दौरान करोड़ो रूपये की संपत्ति अर्जित कर रखी है, उक्त संपत्ती की भी जांच कराने की मांग स्थानीय लोगो द्वारा की गई है। लोगो ने जिले के वरिष्ट अधिकारीयों से कार्यवाही की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सतना।** अमदरा थाना अंतर्गत कुसेड़ी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को हाइवे पेट्रोलिंग टीम के सदस्य सुधीर मिश्रा निवासी नादन, जब अपने वाहन से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर भ्रमण कर रहे थे, तभी उनको फोन पर कुसेड़ी में दुर्घटना की खबर मिली, लिहाजा पुलिस को अवगत कराते हुए वह घटना स्थल पर पहुंच गए। हादसे में महिला का शव बुरी तरह कुचल गया था और चेहरा भी पहचान में नहीं आ रहा था।

# सुअर का शिकार करने वाले दो शिकारियों को पवई वन विभाग ने किया गिरफ्तार



**पन्ना।** जिले के दक्षिण वन मंडल अन्तर्गत वनपरिक्षेत्र पवई में दिनांक 09/01/2025 को बेंदिहार में सूअर का शिकार किया गया था। उक्त मामले को लेकर दो शिकारीयों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके कब्जे से सुअर बम भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रातः कालीन गश्ती के दौरान 2 लोग संदिग्ध स्थित में जंगल से बाहर आते दिखाई दिए। उन लोगो से कड़ाई से पूंछताछ करने पर उन्होंने सूअर को गोला डालके मारना तथा शिकार करने का अपराध स्वीकार किया है, तथा मौके पर जा कर मृत सूअर को जप्त किया गया है। आरोपीयों के नाम आयस लाल पिता पिपराव सिंह निवासी चौपड़ा शाहनगर, तथा अम्बा उर्फ लंडू पिता जयस लाल निवासी चौपड़ा शाहनगर बताया, दोनों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया। तथा दोनों की गिरफ्तारी करके न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय द्वारा आरोपीयो को जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई नीतेश पटेल, परिक्षेत्र सहायक बृजकिशोर खरे, पुष्पेंद्र सिंह, महबूब खान, वन रक्षक रामजी गर्ग, राकेश बुधोलिया, चैतन्य अहिरवार, सचेंद्र मोहन, शांताकुमार प्रजापति आदि शामिल रहे।

# युवा वह जो अवगुणों से दूर रहे : ब्रह्माकुमारी

**मूल्य धारण कर के मूल्यवान बने : ब्रह्माकुमारी**

**विचारों को श्रेष्ठ एवं सकारात्मक बनाएः बहनजी**



**पन्ना।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय की ओर से सी एम राइस स्कूल में उठो, जागो और अपनी शक्ति को पहचानो% विषय पर बहन जी ने सभी बच्चों को समझाते हुए कहा है कि, आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें अपने जीवन को सकारात्मक, मूल्यवान जीवन बनाने का संकल्प लेना होगा। अपने लक्ष्य को सदा ऊंचा और श्रेष्ठ बनाना है। जितना ऊंचा लक्ष्य रखेंगे, उतने ही जीवन में लक्षण भी लाने हैं। अच्छाइयों को धारण करके बेहतर चरित्र का निर्माण करें। युवा वह जो अनीति से लड़े, अवगुणों से सदा दूर रहे। मूल्य उसी का होता है जो मूल्यवान होता है। हमें अपने जीवन को श्रेष्ठ मूल्यों से सजाना होगा। विचारों को श्रेष्ठ बनाने के लिए रोज ध्यान (मेडिटेशन) करना है। ध्यान से हमारी आंतरिक शक्तियां जागृत होती है जिससे हमारे विचार श्रेष्ठ वा पवित्र होते हैं। आगे आपने कहा कि समय बहुत मूल्यवान गुण है। समय को हमें बर्बाद नहीं करना है। साथ ही अनेक उदाहरणों के माध्यम से समय को सफल करने की विधि सिखाई। सभी को अपने जीवन में श्रेष्ठ मूल्यों को धारण करने की प्रतिज्ञा कराई।

इस अवसर पर श्रीमती कृष्णा यादव, श्रीमती विमला पांडे, श्री उमेश तिवारी, मनोज गुप्ता, बृजकिशोर विदुआ, हरीनारायन पांडे, अजय राय एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी मऊगंज से गिरफ्तार

**सतना।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 साल तक युवती का दैहिक शोषण करने के आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान समय पर 23 वर्ष पूर्ण कर चुकी युवती वर्ष 2019 में नाबालिग थी, तब उसकी जान-पहचान फोन के जरिए सौरभ शुक्ला पुत्र भगवान प्रसाद 23 वर्ष, निवासी चंदेह, जिला मऊगंज, से हो गई थी। दोस्ती होते ही उसने मिलने के बहाने बुलाया और बहला-फुसलाकर शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान मोबाइल पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया, जिनको सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर जनवरी 2025 तक दैहिक शोषण करता रहा। अंततः उसकी हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने 9 जनवरी को कोटर में शिकायत की, जिस पर जीरो में आईपीसी की धारा 376, 376 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5 एल/6 में कायमी कर घटनास्थल कोतवाली क्षेत्र में होने के कारण डायरी यहां भेज दी गई।

# भ्रष्टाचार के आरोपी पटवारी मुन्नालाल अहिरवार को चार वर्ष का कठोर कारावास

**पन्ना।** भ्रष्टाचार के आरोप में पटवारी मुन्ना लाल को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया गया है। उक्त मामले में सहयाक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना रोहित गुप्ता के द्वारा बताया गया कि अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि दिनांक 03.12.2020 को आवेदक कौशल कुमार गुप्ता पिता एस0एल0 गुप्ता निवासी आदर्श कालोनी कटनी ने अनावेदक के विरूद्ध एक शिकायत पत्र मय सहमति पत्र के रिश्वत मांग संबंधी इस आशय का पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर के समक्ष प्रस्तुत किया था कि ग्राम विसानी के पटवारी मुन्नालाल अहिरवार द्वारा उसके मित्र राजेन्द्र सिंह चौबे के नाम की जमीन का नामांतरण करने के एवज में उससे 90 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गई। आवेदक, पटवारी मुन्नालाल को रिश्वत देना नहीं चाहता था बल्कि उसे रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के सत्यापन हेतु आवेदक को एक डिजीटल वॉयस रिकार्डर प्रदाय किया जाकर अनावेदक की रिश्वत माँग संबंधी वार्ता को रिकार्ड करने के लिए निर्देशित किया गया आवेदक ने दिनांक 04.12.2020 को अनावेदक से उसके तहसील प्रांगण स्थित आवास में संपर्क कर रिश्वत मांग संबंधी बातचीत कार्यालय से प्रदाय किये गये वाइस रिकार्डर में रिकार्ड कर ली थी। बाचतीत के दौरान अनावेदक आवेदक से 90 हजार रूपये की मांग की और 20 हजार रूपये तत्काल मौके पर ले लिये। ट्रांसक्रिप्ट तथा आवेदक के शिकायत पत्रों से अनावेदक द्वारा रिश्वत मांग किया जाना प्रथम दृष्टया पाये जाने पर अनावेदक पटवारी मुन्नालाल अहिरवार के विरूद्ध अपराध धारा-7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, संशोधित अधिनियम- 2018 में अपराध पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए संदीप कुमार पांडेय, जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया।

अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी-मुन्नालाल अहिरवार को क्रमशः धारा-7 भ्रष्टचार निवारण अधिनियम के आरोप में 04 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 13 जनवरी 2025




उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के 13 जनवरी को प्रस्तावित रीवा प्रवास कार्यक्रम के तैयारियों के संबंध में भी निर्देश दिए।



## स्वस्थ समाज से आर्थिक संपन्न भारत का निर्माण : उप मुख्यमंत्री

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रीवा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम

**रीवा।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। रीवा के मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक ग्राउण्ड में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के साथ प्राणायाम भी किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी शामिल हुए।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ्य समाज आर्थिक संपन्न भारत के निर्माण में सहायक है। हम स्वस्थ एवं प्रसन्न रहेंगे तो अपने लक्ष्यों की पूर्ति आसानी से हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहा जा सकता है और बीमारियाँ कोसों दूर रहेंगी। श्री शुक्ल ने युवाओं से अपील की कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय युवा दिवस में अपने भीतर की ऊर्जा का सदुपयोग समाज एवं देश के हित में करें और देश को विश्व गुरू बनाने में योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के कदम यदि नशे की राह की ओर बढ़ गए तो हर तरह का विकास निरर्थक हो जाएगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने बहुत कम उम्र में ऐसी ख्याति प्राप्त की जिससे दुनिया में उनका नाम हुआ। स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी साकर हो रही है कि भारत विश्वगुरू बनेगा। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ते हुए विश्व गुरू बनने के करीब पहुंच चुका है। हमारा देश आर्थिक महाशक्ति के तौर पर उभरा है।

स्वामी विवेकानंद जी का जीवन न केवल हमें मार्ग प्रशस्त करता है वरन उनके द्वारा दिये गये वाक्य हमें जीवन में आगे बढ़ने में मददगार है। उनके जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य पूरा करने में समवेत होने का अह्वान उप मुख्यमंत्री ने किया।

श्री शुक्ल ने सभी को युवा दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त संचालक केपी तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, समाजसेवी अतुल जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को जारी की 1553 करोड़ की राशि

### रीवा जिले की 4.10 लाख लाड़ली बहनों के खाते में आई लाड़ली बहना की राशि

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शाजापुर जिले के कालापीपल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना के 1.27 करोड़ बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1553 करोड़ 49 लाख रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 55 लाख हितग्राहियों को 335 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। साथ ही सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना योजना की 26 लाख बहनों के बैंक खाते में एलपीजी गैस सिलेंडर अनुदान की 27 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की गई। प्रत्येक सिलेण्डर 450 रुपए में दिया जा रहा है।

रीवा जिले की लाड़ली बहना योजना की 4.10 लाख बहनों के खाते में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की।



प्रत्येक हितग्राही के बैंक खाते में 1250 रुपए की राशि अंतरित हुई। यह छोटी सी राशि महिलाओं के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि शाजापुर क्षेत्र में सभी गांवों में बिजली और सिंचाई के लिए पानी की सुविधा दी जाएगी। सिंचाई का पानी पारस की तरह जब खेतों में पहुंचता है तब उससे फसल रूपी सोना प्राप्त होता है। अभी प्रदेश में 48 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा है। हम पाँच साल में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा देंगे। मकर संक्रांति का उत्सव महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया जा रहा है। लाड़ली बहनों को आज जनवरी माह की राशि अंतरित कर दी गई है। सब बहनें उत्साह और उल्लास के साथ मकर संक्रांति और लोहड़ी का पर्व मनाएं। मुख्यमंत्री ने शाजापुर तथा कालापीपल के विकास के संबंध में अनेक घोषणाएं की।

राज्य स्तरीय समारोह का जिले भर में सजीव प्रसारण दिखाया गया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय तथा हितग्राहियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथ-साथ सभी विकासखण्डों और ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

## जनकल्याण अभियान के तहत आज 14 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 13 जनवरी को अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में ग्राम पंचायत मनिकवार नम्बर एक तथा रेरूआ खुर्द और अनुभाग हुजूर में बम्हनगवां तथा गहिरा में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में भड़रा तथा रौली और अनुभाग मनगवां में बांस, सेंदहा तथा हिनौती में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 13 जनवरी को ही अनुभाग त्योंथर में सहलोलवा तथा बड़ागांव और अनुभाग सिरमौर में हिनौता, अटरिया तथा पुरवा में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने आमजनता से इन शिविरों से लाभ उठाने की अपील की है।

## नगर निगम क्षेत्र ललपा में आज लगेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 13 जनवरी को वार्ड क्रमांक 26 के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के परिसर ललपा में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

## रोचक खेलों के माध्यम से दिया गया महिला सशक्तिकरण का संदेश

### लाड़ली बहना उत्सव में महिलाएं रोचक खेलों में हुईं शामिल

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शाजापुर के कालापीपल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से लाड़ली बहना के हितग्राहियों की राशि सिंगल क्लिक से उनके खाते में अंतरित की। इस अवसर पर रीवा में लाड़ली बहना उत्सव आयोजित किया गया। शासन के निर्देशों के अनुसार मकर संक्रांति और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, बोरा दौड़ तथा पतंग उड़ाने की प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत



अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने प्रतिभागी महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुसार मकर संक्रांति पर्व को महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी निभाकर जागरूकता का परिचय दिया है। आज मुख्यमंत्री जी ने लाड़ली बहना योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित करके मकर संक्रांति के आनंद को दुगना कर दिया है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। बोरा रेस में प्रशंसा सिंह को प्रथम और काजल को दूसरा स्थान मिला। चम्मच दौड़ में रोशनी सिंह को प्रथम तथा आरती सिंह को दूसरा स्थान मिला। कुर्सी दौड़ में प्रतिभा सिंह को प्रथम स्थान तथा आशा कुशवाहा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। छोटे बच्चों के लिए भी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। फाग रन में आराध्या पाण्डेय को प्रथम तथा मुस्कान को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। चम्मच दौड़ में यश को प्रथम तथा अयान को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने जिला पंचायत अध्यक्ष और अपर कलेक्टर को मकर संक्रांति के उपहार के रूप में सौभाग्य चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह, परियोजना अधिकारी शेषमणि मिश्रा, पर्यवेक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## भगवत कृपा एवं गौसेवा से हो रहा है रीवा का विकास : उप मुख्यमंत्री

### राम मंदिर निर्माण एवं रामलला प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव पर पचमठा में मनाया गया उत्सव

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा का विकास भगवान की कृपा एवं गौमाता की सेवा से हो रहा है। जब अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव की धूम है तभी पचमठा धाम में उत्सव मनाकर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए राम दरबार की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। पचमठा में रामलला प्राण प्रतिष्ठा एवं माँ बीहर गंगा आरती के वार्षिकोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में सस्वर सुंदरकांड का पाठ किया



गया। माँ बीहर की भव्य आरती हुई तथा आरती के यजमानों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के विकास के लिए जब लोग मेरा नाम लेते हैं तो मुझे संकोच होता है। वास्तव में माँ कालिका, चिरहुलानाथ, बाबा महामृत्युंजय की कृपा व गौमाता के आशीर्वाद से ही रीवा विकसित हो रहा है। आने वाले समय में रीवा देश का बेहतर सर्वसुविधायुक्त शहर व जिला बनेगा। उन्होंने कहा कि पचमठा का विकास बड़ा काम नहीं है। उससे भी बड़ा काम यह है कि राम दरबार द्वारा यहाँ अनवरत एक वर्ष से माँ बीहर गंगा आरती की जा रही है। ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों में ऐसे आयोजन होना सुखद अनुभूति देते हैं। आने वाले समय में पचमठा धाम में माघ स्नान एवं पूजापाठ के अन्य आयोजन भी होंगे। ऐसे आयोजन सतयुग की वापसी का वातावरण निर्मित कर कलयुग की विकृतियों को दूर करने का काम करते हैं।

## सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

**रीवा।** सैनिक स्कूल रीवा में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल एपीएस भुल्लर ने बताया कि कक्षा छठी और नौवीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र इग्जाम डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन/एआईएसएसईई में शाम 5 बजे तक दर्ज किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 में 125 प्रश्न 300 अंकों के होंगे। जबकि कक्षा 9 में 150 प्रश्न 400 अंकों के होंगे। कक्षा 6 में लगभग 80 तथा कक्षा 9 में 8 स्थान प्रवेश के लिए रिक्त हैं। कुल स्थानों में 67 प्रतिशत स्थान राज्य के मूल निवासी विद्यार्थियों के लिए हैं।

## जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 3266447 क्विंटल हुई धान की खरीद

**रीवा**

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 95 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 51270 किसानों से अब तक 3266447 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 751 करोड़ 28 लाख 28 हजार 482 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 57986 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। अब तक 28 लाख 35 हजार 972 क्विंटल धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कर दिया गया है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 494 करोड़ 67 लाख 6 हजार 406 रुपए जारी किए जा चुके हैं। धान खरीदी की अंतिम तिथि 23 जनवरी निर्धारित है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया

**रीवा।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पहली वर्षगांठ पूर्ण होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंजीनियरिंग महाविद्यालय का आई एवं रीवा नगर कार्यकारिणी द्वारा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 2100 दीप प्रज्वलन एवं महाविद्यालय परिषद स्थित मंदिर में सामूहिक 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।



स्वामी विवेकानंद जी की 76 वी जन्मजयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर कार्यकारिणी एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष पुर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा दिखाए गए आदर्शों का पालन करने का संकल्प किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी की 76वीं जयंती को साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में 8 जनवरी से 14 जनवरी तक मना रहा है। जिसके अंतर्गत रीवा जिले में विभिन्न महाविद्यालयों में संगोष्ठी राष्ट्रीय कला मंच एवं खेलो भारत के तहत खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से महान पुरुषों एवं वीरवीरांगनाओं की जयंती एवं जन्मोत्सव को महाविद्यालय में छात्रों के बीच जाकर संगोष्ठी एवं खेलकूद के माध्यम से मनाता आ रहा है जिससे विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों को वीर पुरुषों के जीवन गाथाओं के बारे में एवं उनके किए गए नेक कार्य एवं उनके गौरवशाली इतिहास के बारे में छात्रों को पता चले जिससे सभी छात्र प्रेरित होकर अपने आगामी जीवन में महान पुरुषों को अपना आदर्श मानकर देश का गौरव बढ़ाने में सहायक बने

कार्यक्रम में मुख्य रूप से ,रीवा जिला संयोजक पी एन पांडे जी, कृति तिवारी जी ,ओम गुप्ता जी , पवन द्विवेदी जी, नगर सह मंत्री अभिषेक सिंह ,ऋषभ तिवारी,मयंक सिंह चंदेल, शिवानी सिंह वेद विश्वकर्मा ,आयुष ओझा अस्तित्व सिंह ,दीपक प्रजापति, सेजल ,शिवेंद्र सिंह, निखिल सिंह ,अनिकेत कुमार, पुलकित तिवारी , आयुष विश्वकर्मा, दिशा, उन्नति सिंह, श्रेयातिवारी, मुदित सिंह , लव पांडे,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चिकित्सा के क्षेत्र में एलोपैथी, आयुर्वेद व होम्योपैथी की विधाओं के उपचार से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी : उप मुख्यमंत्री

### युवा दिवस पर आयोजित हुआ निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**रीवा**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एलोपैथी, आयुर्वेद व होम्योपैथी की विधाओं से उपचार देकर लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। श्री शुक्ल ने युवा दिवस पर आयोजित होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित शिविर में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समय पर जाँच हो जाए तो रोग का इलाज आसान हो जाता है। निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है। गत दिनों कैंसर सहित अन्य असाध्य बीमारियों की जाँच के लिए शिविर लगाए गए थे जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए और लोगों को इलाज मिला। होम्योपैथी ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसका शरीर में निगेटिव असर नहीं होता वरन इसके दूरगामी लाभ मिलता है। उन्होंने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों के 100 से अधिक होम्योपैथी चिकित्सकों ने परीक्षण एवं इलाज किया। इस अवसर पर लोगों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अतुल जैन एवं होम्योपैथिक चिकित्सक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833